हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

10 नौनिहालों को राहतः सुबह सात बजे से लगेगी आंगनबाड़ी व स्कूल



10 नवनियुक्त महापौर परिषद के सदस्यों ने संभाली कमान





## समस्या : बढ़ती गर्मी के साथ ही पानी की किल्लत

# पेयजल संकट से निपटने की मैराथन तैयारी वाटर ट्रीटमेंट का प्रपोजल सरकार को भेजा

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। बढ़ती गर्मी से भिलाई निगम और रिसाली निगम में पेयजल संकट गहराने लगा है। भिलाई निगम में 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट है लेकिन यहां के 70 वार्डों में से आधे में पेयजल संकट है। रिसाली निगम में 60 एमएलडी फिल्टर प्लांट की जरूरत है। यहां के 40 वार्डों में से 17 वार्डों के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। मौजूदा हालात से निपटने इस बार दोनों निगमों ने नगरीय प्रशासन विभाग के डॉयरेक्टर को ब्योरा प्रस्तुत किया है। भिलाई निगम को पेयजल समस्या से निपटने के लिए इस बार 1.74 करोड़ रूपए लगेंगे। रिसाली निगम को किराए के टैंकर के लिए 19.90 लाख रुपए चाहिए। फिल्टर प्लांट व पाइप लाइन व टंकी निर्माण के लिए 128.52 करोड़ रुपए की दरकार है।*

## रिसाली निगम

### 232 स्थानों में पेयजल संकट

रिसाली निगम में गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट गहराता जा रहा है। यहां के 17 वार्डों के 232 स्थानों में पेयजल की समस्या है। इन स्थानों में टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 19.90 लाख रुपए की निविदा निकाली गई है। सबसे बड़ी जरूरत यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित पेयजल संकट क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाने का भी प्लान किया गया है। यदि इस प्लान को राज्य सरकार ने मंजूरी दी तो यहां के 40 वार्ड के करीब 1.30 लाख की आबादी को पेयजल संकट से राहत मिलेगी।

### पटरीपार व पाश कालोनी में भी पेयजल दिक्कत

रिसाली निगम के पटरीपार एरिया सबसे ज्यादा प्रभावित है। नेवई व स्टेशन मरोदा क्षेत्र के कुल 10 वार्डों के 102 स्थानों में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जाएगी। पाश कालोनी क्षेत्र के 7 वार्ड हैं। यहां 130 स्थानों में जलसंकट गहरा जाता है। जिसे निपटने के लिए किराए के टैंकर की व्यवस्था की जा रही है। साथ में रिसाली निगम के पास 14 पानी टैंकर है। इससे पूरे सालभर प्रभावित इलाकों में पानी पहुंचाया जा रहा है।

### पाइप लाइन विस्तारीकरण से मिलेगा 800 परिवारों को लाभ

रिसाली निगम को 15वें वित्त के अंतर्गत अधोसंरचना मद से 3.56 करोड़ रुपए मिले थे। इस राशि से 15 कार्य स्वीकृत हुए। जिसमें से 13 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। शेष 2 कार्य प्रगतिरत है। इस रकम से पेयजल पाइप लाइन का विस्तार उन इलाकों में किया गया है जहां पानी पहुंच नहीं पाता। इससे करीब 800 परिवारों को पेयजल पहुंचेगा।

### मंजूरी मिली तो 30 साल तक संकट दूर

रिसाली निगम पहले भिलाई निगम के अंतर्गत आता था। रिसाली निगम अलग होने के बाद अभी भी भिलाई के 77 एमएलडी प्लांट पर निर्भर है। रिसाली निगम आत्मनिर्भरता के लिए 128.52 करोड़ रुपए की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, टंकी निर्माण व पाइप लाइन विस्तारीकरण करेगा। राज्य सरकार को यह प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिली तो 30 साल तक पेयजल जैसी समस्या दूर हो जाएगी।

### तैयारी पूरी

पेयजल संकट से निपटने की पूरी तैयारी हमने कर ली है। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट है उन्हे चिहिंत कर वहां टैंकर से पानी पहुंचाएंगे। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव भी राज्य को भेजा गया है।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली

## भिलाई निगम

### वार्डों में पेयजल की समस्या

वार्ड 14 शांतिनगर- शिवाजी नगर में सड़क 1 से लेकर 5 तक, कृपालनगर में सड़क 7 से 15 तक, सड़क 9 से 36 तक, शांतिनगर में सड़क 11,12 व 13। वार्ड 16 सुपेला- अंबेडकर नगर, इंद्रानगर, शंकरपारा, ललित कबाड़ी, शनि मंदिर, उड़िया पारा, यादव मोहल्ला। वार्ड 19 राजीव नगर- आजाद चौक रामनगर से कारगिल चौक व हनुमान मंदिर लाइन। राजीवनगर से डबरापारा, दुर्गामंदिर के पीछे, आगंनबाड़ी क्षेत्र, शकुंतला विद्यालय के पास, शिवमंदिर लाइन व नहर के पास। वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड- का पूरा क्षेत्र। वार्ड 21 कैलाशनगर कुरूद- कुरूद से भाटापारा के दुर्गा मंदिर के पास बोर में पानी का स्तर कम। वार्ड 23 घासीदास नगर- घासीदास नगर से खदानपारा तक, हाउसिंग बोर्ड लाल पानी टंकी में प्रेशर कम, वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम- परियापारा, बंलेश्वरी मंदिर, शिवजी चौक, श्रीराम चौक। वार्ड 27 शास्त्रीनगर- संग्राम चौक, कालीमंदिर के पीछे, निजामी मंजिल क्षेत्र, मस्जिद रोड, पटेल डेयरी के सामने, सांई नगर। वार्ड 29 वृंदानगर- अर्जुन नगर अटल आवास, मस्जिद के सामने का फोकटपारा, बजरंग चौक दुर्गा मंदिर के पास तिवारी लाइन।

### यहां होगी पेयजल व्यवस्था

**वार्ड 40** के विभिन्न स्थानों में पेयजल व्यवस्था हेतु जीआई पाईप लाईन बिछाने का कार्य- 6 लाख, **वार्ड 40** के विभिन्न स्थानों में बोर खनन का कार्य - 9 लाख, **वार्ड के 41** छावनी औद्योगिक क्षेत्र राजुनगर नगर पार पर पाईप लाईन विस्तारीकरण का कार्य- 7 लाख, **वार्ड 43** बापूनगर के विभिन्न स्थानों में एमडीपीई पाईप लाईन को बदलकर डीआई पाईप लाईन बिछाने का कार्य- 29.35 लाख, **वार्ड 44** लक्ष्मीनारायण नगर के विभिन्न स्थानों में बोरवेल खनन एवं पावर पंप लगाने का कार्य- 8.02 लाख आदि शामिल है।

### पार्षदों ने की ये मांग

भोजराज भोजू वार्ड क 17 मल्लार पारा सुपेला मार्केट हार्डवेयर लाईन के क्षेत्र में पानी की व्यवस्था- 20 लाख, संजय सिंह वार्ड क. 29 वृंदा नगर और अर्जुन नगर क्षेत्र में पानी की व्यवस्था - 30 लाख, दया सिंह वार्ड क. 44 में गणेश मच अबेडकर चौक गली यादवपारा, शीला के घर के पास पीपल पेड गली, अजीत गली इत्यादि जगहों में डीआई पाईप लाईन बिछाने का कार्य- 9.86 लाख, डी सुजाता 1 वार्ड 50. में 06 नग बोरिंग मोटर सहित पानी सप्लाई हेतु 10 लाख, वार्ड 50 में 2 वॉटर एटीएम मीरा बजारे शिवाजी नगर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, शहीद वीर नारायण सिंह नगर वार्ड 51 में पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य- 20 लाख।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

# हत्या की नियत से सात माले से फेंकना वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



हत्याी नियत से सात माले से फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 109(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मोहन नगर निवासी भानू ठाकुर ने शिकायत किया कि भाई धनेश्वर ठाकुर ने बताया कि 30 मार्च को कैलाश नगर दुर्ग निवासी तुषार दास मानिकपुरी अपनी बहन के साथ इसके भाई पर शंका करता था। तुषार ने साकेत कालोनी दुर्ग कातुलबोर्ड और निर्माणाधीन फ्लैट में पीड़ित को लेकर हगया। चाकू दिखाकर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीठ कर पीडित की हत्या करने के नीयत से 7 माला से नीचे फेंक दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी तुषार दास मानिकपुरी की तलाश में पुलिस जुटी रही। सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। तुषार से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।




# डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- आनलाइन ठगी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों का है मामला
- तीन दिनों तक रेकी करने के बाद आरोपी को मुम्बई से पकड़े गए

डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बीएनएस. एवं 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला और एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 178 सी रुआंबन्धा सेक्टर भिलाई नगर निवासी इंद्रप्रकाश कश्यप के साथ मोबाईल नंबर धारक द्वारा खुद को टीआरएआई (ट्राई) बनकर काल किया। उसने झांसा दिया कि आधार कार्ड से क्राइम हुआ है। इसके एवज में 49,01,196 रुपये जमा कराने के नाम पर ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस आपरोपियों की पतासाजी में भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव व एसीसीयू की टीम जुटी रही। जांच में पता चला कि बैंक से आरोपियों जानकारी मिली कि पीड़ित के साथ ठगी की रकम आईसीआईसीआई बैंक के खाता क्रसं भाजीनगर महाराष्ट्र के उक्त खाता मे ट्रांसफर हुआ है। इसके बाद पूर्व मे खाताधारक आरोपी बापु श्रीधर भराड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के बयान के आधार पर सोमनाथ मछिंद ढोबले तथा शेख नवीद कोबीढ व पूणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपियों के द्वारा पूछताछ करने पर आईसीआईसीआई बैंक का उक्त खाता ठाणे मुम्बई निवासी सद्धाम मुल्ला को देना बताया गया था। टीम द्वारा ठाणे महाराष्ट्र जाकर आरोपी सद्दाम मुल्ला की ठाणे महाराष्ट्र मे लगातार तीन दिनो तक पतासाजी कर सद्धाम मुल्ला को पकड़ा गया। आरोपी के पास से मोबाईल फोन जब्त किया गया है।



### खाते की रकम से तीन प्रतिशत लिया

आरोपी सुखबीर सिंह के बयान के आधार पर तकनीकी पतासाजी के माध्यम से न्यु टाऊन कलकत्ता से आरोपी नरेन्द्र उर्फ टिंकु और उपेन्द्र कुमार को हिरासत लिया गया। घटना में उपयोग किए गए बैंक खाता का यूजर आईडी, पासवर्ड सुखबीर सिंह के द्वारा उपलब्ध कराये जाने पर उक्त खाते का डिटेल ठाणे मुम्बई निवासी सद्धाम मुल्ला को दिया। खाते में ठगी के रकम को जमा कराकर 3 प्रतिशत कमीशन प्राप्त करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से 4 मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपी ने भिलाई तीन के पीड़ित से ठगी किया था।

## खबर संक्षेप

### रबर फैक्ट्री के कुंए में सुरक्षा कर्मी गिरा, मौत

**भिलाई।** रबर फैक्ट्री के भीतर गहरे कुंए में सुरक्षा कर्मी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने शव को क्रेन से बाहर निकाला है। जामुल पुलिस ने बताया कि ऊषा रबर फैक्ट्री में जामुल निवासी उपेन्द्र सिंह 65 वर्ष का वृद्ध सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। सोमवार की शाम को नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकला। सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरु किया। फैक्ट्री में सुरक्षा कर्मी नहीं था खोजबीन शुरू होने पर कुंए में एक की लाश दिखाई दे रही थी। पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। शव को क्रेन के सहारे बाहर निकाला गया तब जानकारी हुई कि शव सुरक्षा कर्मी का है। सीसी टीवी फुटेज से पता चला कि नाइट शिफ्ट के दौरान गार्ड रात को निरीक्षण कर रहा था। तभी कुएं में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## आर्ब्जवेटरी भी पार्ट टाइम में काम कर रहा

# दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब तीन दिन से मौसम का तापमान रिकार्ड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब हो गया है। जिसकी वजह से तीन दिन से तापमान रिकार्ड नहीं हो रहा। यहां मौसम आर्ब्जव करने के लिए एक आर्ब्जवेटरी भी रखे गए हैं वह भी पार्ट टाइम के लिए। जिसकी वजह से आर्ब्जवेटरी जब भी छुट्टी में या फिर बीमार पड़ जाते हैं उस दिन दुर्ग जिले का तापमान रिकार्ड ही नहीं हो पाता। सिस्टम 30 मार्च से खराब है। सिस्टम का मेंटनेंस नहीं होने की वजह से यह नौबत आई। इधर लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ वेदर सिस्टम को सुधार के लिए कोई पहल नहीं की है।

### तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव



द्रोणिका की वजह से छत्तीसगढ़ प्रदेश में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। 29 मार्च को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। इसके पहले यानी 28 मार्च को अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस था। एक अप्रैल से मौसम में बदलाव आया है और शाम हो हल्की बूदांबादी की स्थिति रही। मौसम विभाग ने 2 अप्रैल को हल्की बारिश की चेतावनी दी है। लेकिन ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम बंद होने से दुर्ग जिले के तापमान की जानकारी ही लोगों को नहीं हो पा रही है।

### प्रदेश में इस तरह का हाल

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ से मध्य महाराष्ट्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण कोमोरान क्षेत्र तक, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आर्द्र हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। 2 अप्रैल को कुछ स्थानों पल हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 4 अप्रैल तक गिरावट हो सकती है।

### वेदर सिस्टम खराब

दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब हो गया है। जिसकी वजह से तीन दिन से वहां का तापमान रिकार्ड नहीं किया गया है। आर्ब्जवर का काम करने वाला शख्स भी पार्ट टाइमर है।

**-एचपी चंद्रा,** मौसम विज्ञानी, छग मौसम विज्ञान केंद्र



# नशाखोरी बढ़ने पर राज्यपाल ने दिखाई नाराजगी, डेढ़ घंटे लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेशभर में सिर्फ दुर्ग जिले में ड्रग्स और नशाखोरी के मामले बढने को लेकर राज्यपाल रमेन डेका ने जमकर नाराजगी जताई। उन्होने नशाखोरी पर लगाम लगाने पुलिस प्रशासन को सक्त निर्देश दिए। नशाखोरी के अलावा दुर्ग में लगातार सडक दुर्घटना को लेकर उन्होने कडी नाराजगी जताई और अफसरों से कहा कि, ऐसी मामले में लापरवाही बरतने पर वे खुद कार्यवाही करेगें। इसके आलावा उन्होने अन्य विभाग के अफसरों को भी फील्ड में काम करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल का दुर्ग जिले में यह दूसरा दौर है, जहां वे खुद ही जिला प्रशासन के अफसरों के कामकाज की समीक्षा कर रहे है। पीडब्ल्यूडी के सभाकक्ष में सुबह 11 से 12.30 बजे तक बैठक ली। आयोजित बैठक में उन्होने पुलिस प्रशासन के कार्यप्रणाली पर ज्यादा नाराजगी जताई। उन्होने कहा सिर्फ चालानी कार्यवाही करने से काम नही चलेगा, बल्कि फील्ड में उतरकर व्यवस्था सुधारनी होगी। उन्होने ट्रैफिक सिस्टम को भी दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होने डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी से जिले में वन क्षेत्र की जानकारी मांगी। लेकिन वास्तविक जानकारी नही देने पर उन्होने उन पर नाराजगी जताई। इधर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे से महिला समूह के कार्यो की जानकारी ली और उन्हें नसीहद दी कि, समूह क्या कार्य कर रही है। उसकी जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ उठा रहे लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा की और उनसे प्राप्त हो रही आमदनी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक

### नाम और पता नोट किए, कहा- मिलने आउंगा

राज्यपाल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की। उन्होने उनका नाम व पता नोट कराया और कहा कि, दुबारा वे उनके मिलने आएंगे। उन्होने वनमण्डाधिकारी को एक पेड़ मां के नाम के तहत अभियान चलाकर प्रत्येक खाली स्थानों में पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर किसी को अपने आसपास के क्षेत्रों में पेड़ लगाने को कहा, ताकि अपने पर्यावरण को बचा सकें। राज्यपाल ने कहा दुर्ग में सिर्फ 0.1 फीसदी वन क्षेत्र हैरान करने वाली है। उन्होने लोगों को अपने घरों के बगीचों में स्कूल, कॉलेज, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य खाली स्थानों में वृक्षारोपण करने को कहा।



### स्कूल, कालेजों में बिक रहा नशे का सामान

राज्यपाल ने कहा नशाखोरी पर अगर लगाम लगेगा तो अपराध खुद ही कम होगें। उन्होने कहा प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग में नशाखोरी की स्थिति है। उन्होने कहा यहां स्कूल, कालेज में नशे का सामान बिक रहे हैं। उन्होने यातायात नियमों के पालन में सख्ती बरतने कहा। आम जनता के हित के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं बिना नशा पान किए वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन कराने को कहा। उन्होन कहा अवैध रूप से आने वाले गांजा, चरस, कोकीन पर रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को इस दिशा में सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से मिले जनप्रतिनिधि, दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

दुर्ग। दुर्ग प्रवास पर पहुँचे राज्यपाल रमेन डेका से विधायक गजेंद्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमर, सभापति श्याम शर्मा ने भेंट कर उन्हें चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा ने शहर क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास हेतु भूमि लैंड को ग्रीनलैंड दर्शाना अर्थात प्रधानमंत्री आवास निर्माण की भूमि सहित अन्य चर्चा की गई। उन्होंने अनुरोध करते हुई बताया शहर क्षेत्र में अवैध नशाखोरी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। शहर को नशा मुक्त कराने अनुरोध किया। इस अवसर पर एमआईसी चंद्रशेखर चन्द्राकर, पार्षद कुलेश्वर साहू, पार्षद देवनारायण तांडी, पार्षद कमल देवांगन सहित अन्य मौजूद रहें।

### समाज का वार्षिक सम्मेलन 13 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन का वार्षिक सम्मेलन 13 अप्रैल को ग्राम मड़ियापार में आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राज भूषण चौधरी निषाद केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री होंगे। इसके अलावा प्रमुख अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशिष्ठ अतिथि नेहरू निषाद, एमआर निषाद, साजा विधायक ईश्वर साहू होंगे। जिला मिडिया प्रभारी व जिला युवा अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षा, कला, खेलकूद, संगीत, साहित्य एवं अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले समाज के प्रतिभाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज स्थानीय निकायों में समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी जाएगी।

## तैयारी: जिले में सवा लाख से अधिक कनेक्शन के लिए बनेगा फीडर

# बिजली कटौती से मिलेगा छुटकारा अलग किए जाएंगे कृषि कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि और घरेलू कनेक्शन को राज्य शासन द्वारा अलग-अलग किए जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। रायपुर के बाद दुर्ग क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। क्षेत्र के तीनों जिले में अब तक 294 फीडर भी तैयार कर करीब एक लाख 13 हजार कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं। बिजली कंपनी के अफसरों का दावा है कि, फीडर अलग होने से किसानों को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले में एक लाख चालीस हजार से अधिक कृषि कनेक्शन है। पूर्व में घरेलू और कृषि पंप के कनेक्शन के लिए एक ही फीडर से सप्लाई होती थी। ऐसे में अफसरों को घरेलू और कृषि पंप के लिए एक साथ बिजली सप्लाई करना चुनौती से कम नही रही है। यही कारण है कि, कृषि पंप का फीडर अलग होने से किसानों को लाभ मिलेगा। तीनों जिले में कच्ची और पक्की के करीब एक लाख चालीस हजार कृषि पंप कनेक्शन संचालित है। इसमें नब्बे और फीडर तैयार किए जाने के बाद शेष कनेक्शन भी इससे जुड जाएंगे।

### दुर्ग जिले में ही 35 लाख घरेलू कनेक्शन होगें अलग



### साढ़े सात हजार यूनिट तक फ्री बिजली

बहरहाल राज्य शासन द्वारा किसानों को साढे सात हजार यूनिट तक बिजली मुक्त उपलब्ध कराई जा रही है। इससे अधिक यूनिट जलने पर किसानों से खपत की राशि ली जाती हैं। किसान नेता रवि ताम्रकार ने बताया कि, अमूमन इतनी बिजली खपत माह में नही होती है। उनका कहना हैं कि, किसानों को पर्याप्त बिजली के लिए अभी भी मशक्कत करनी पड रही हैं।

### किसानों को मिलेगी राहत

कृषि फीडर अलग करने से किसानों को कई लाभ मिलेंगे, जैसे कि निर्बाध बिजली आपूर्ति और सिंचाई के लिए डीजल पर निर्भरता कम होगी। कृषि फीडर अलग होने से किसानों को 24 घंटे बिजली मिल सकेगी, जिससे वे अपनी खेती और सिंचाई के लिए बिजली का उपयोग बिना किसी रुकावट के कर सकेंगे। अलग कृषि फीडर होने से किसानों को खेतों की सिंचाई करना आसान हो जाएगा, और वे बारिश पर निर्भर नहीं रहेंगे।

**मिलेगा फायदा**

एग्रीकल्चर कनेक्शन को घरेलू मीटर से अलग करने का फायदा किसानों को होगा। फीडर अलग होने से मांग के अनुसार आपूर्ति होगी।
-संजय खंडेलवाल, सीई दुर्ग

### कैपीसीटर लगाने से पन्द्रह फीसदी खपत बचेगी

बिजली कंपनी द्वारा किसानों को कृषि पंप मीटर में कैपीसीटर लगाने के लिए जागरूक कर रही है। इंजीनियर ने बताया कि, इससे किसानों को पन्द्रह फीसदी तक बिजली की बचत होगी। बताया गया कि, इंडक्शन मोटर कार्य करने के लिए विद्युत लाइन से दो तरह का पॉवर लेती है, एक कार्य करने के लिए वास्तविक पॉवर और दूसरा रिएक्टिव पॉवर। रिएक्टिव पॉवर एक तरह की बिजली होती है, जो मोटर में खपत नहीं होती और स्रोत को वापस आ जाती है। परंतु विद्युत प्रणाली में अनावश्यक विद्युत भार, वोल्टेज ड्राप, लाइन लॉस आदि के लिए जिम्मेदार होती है। रिएक्टिव पॉवर लेने के कारण मोटर का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है, जिसे हम मोटर के टर्मिनल में उचित क्षमता का कैपेसिटर लगाकर बढ़ा सकते हैं। पॉवर फैक्टर कम होने से मोटर, विद्युत लाइन से आवश्यकता से अधिक करंट (एम्पीयर) लेती है। जब प्रणाली में जुड़ी हजारों मोटर एक साथ अधिक एम्पियर लेती हैं तो सिस्टम का वोल्टेज अत्यधिक कम हो जाता है जिसका दुष्प्रभाव कृषकों के साथ-साथ विद्युत प्रणाली पर पड़ता है।

# मिलरों में खौफ, अध्यक्ष बनने कोई तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान कस्टम मिलिंग में हुए घोटाले से जिले के मिलरों में खौफ बैठ गई है। हालात यह है कि, मिलर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने को

■ मिलरों की समस्याओं का नही हो रहा सामाधान

लिए भी तैयार नही हो रहे है। जिसके चलते जिले में मिलर अपनी समस्याओं को उजागर नही कर पा रहे हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, कांग्रेस शासनकाल में प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग में 120 रूपए का दर दिया गया था। पूर्व में ईडी की जांच में ऐसी खबरें सामने आई थी कि, मिलिंग के नाम पर प्रति क्विंटल अवैध उगाही की गई थी। प्रदेश में कस्टम मिलिंग को लेकर कार्यवाही चरम पर भी था। कस्टम मिलिंग में जिले से लेकर प्रदेश में सिंडिकेट द्वारा काम किए जाने की खबर के बाद जांच पडताल भी की गई थी। इस आग के भडकने के बाद मिलरों से पूछताछ भी हुई। यही कारण है कि, कार्यकाल समाप्ति के पहले ही जिम्मेदारों ने इस्तीफा भी दे दिया था। बहरहाल अध्यक्ष नही होने से मिलर अपनी समस्या उपर तक नही रख पा रहे हैं।

### दोबारा चुनाव भी नहीं कराया

पूर्व में जिला मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनित जैन थे। लेकिन उन्होने इस्तीफा दे दिया। उन्होने बताया कि, वर्तमान में अध्यक्ष की नियुक्ति नही हुई हैं। वही प्रदेश में अध्यक्ष की भूमिका निर्वाचित हुए कैलाश रूंगटा संभाल रहे थे। उन्होने भी इस्तीफा दे दिया। बहरहाल जिले में अध्यक्ष पद के लिए अब तक चुनाव भी नही हुए हैं।

## आरटीई आवेदन की अवधि बढ़ी, आठ अप्रैल तक मौका

**राजनांदगांव**। शिक्षा के अधिकार यानि आरटीई के तहत आवेदन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। पोर्टल में आई दिक्कतों को देखते हुए 31 मार्च की डेडलाइन में इजाफा कर इसे आठ अप्रैल कर दिया गया है। ज्ञात हो जिले में की 166 स्कूलों में 1889 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे है। उल्लेखनीय है कि आरटीई योजना के तहत लोक शिक्षा संचालनालय के आदेश अनुसार एक मार्च से 31 मार्च तक छात्र पंजीयन की अवधि तय की गई थी। हालांकि इसको अब बढ़ाकर आठ अप्रैल कर दिया गया है। वहीं लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 1 एवं 2 मई को किया जाएगा।

# नौनिहालों को राहत: सुबह सात बजे से लगेगी आंगनबाड़ी व स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी के चलते स्कूलों की टाइमिंग बदलने के बाद राज्य शासन द्वारा आंगनबाडी के समय में भी बदलाव किया है। जिसके बाद सुबह

■ भीषण गर्मी के चलते राज्यशासन का निर्णय

सात से 11 बजे तक अब केन्द्र संचालित होगें। इसके पहले आंगनबाडी सुबह साढे नौ से दोपहर साढे तीन बजे तक संचालित हो रही थी। लेकिन राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर एक अप्रैल से समय में बदलाव कर नौनिहालों को राहत दी हैं। इसके पहले राज्य शासन ने 31 मार्च को सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया था। निर्देशानुसार शासकीय विद्यालय प्रातः साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक संचालित किए जाएंगे, उनका पालन सुनिश्चित कराएं। जानकारी अनुसार इधर केन्द्रिय विद्यालय दुर्ग में भी स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया है। यहां सुबह आठ से 2.10 बजे के जगह अब सुबह 6.50 से 11 बजे तक स्कूल लगेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में गर्मी का पारा चालीस तक पहुंच चुका हैं।



### रसमड़ा स्थित फैक्ट्रियों पर होगी कार्रवाई

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष अमनदीप गर्ग से रसमड़ा क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर कम करने एवं हवा की गुणवत्ता में सुधार लाने कार्ययोजना तैयार करने तथा वायु प्रदूषण फैलाने वाले रसमडा स्थित फैक्ट्रियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग किया था। जिसपर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को जांच एवं कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### भाजपा की जिला स्तरीय बैठक आज

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी की आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। आयोजित बैठक में 6 अप्रैल को स्थापना दिवस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए आहूत की गई है। आयोजित होने वाली बैठक को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में अपेक्षित श्रेणी राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, सांसद, विधायक, निवृतमान जिला अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला भाजपा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य ,मंडल भाजपा अध्यक्ष, निवृत्तमान मंडल भाजपा अध्यक्ष, मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहसंयोजक, दुर्ग एवं रिसाली ननि के पार्षद उपस्थित रहेंगे।

# खेलो इंडिया योजना अंतर्गत अस्मिता सिटी महिला लीग प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला दुर्ग द्वारा आयोजित खेलों इंडिया योजना अंतर्गत अस्मिता सिटी महिला लीग प्रतियोगिता खेल मैदान मर्रा पाटन में यह आयोजन

■ प्रथम स्थान पर मर्रा व दूसरे दरबार मोखली बी रही

सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मर्रा श्रीमती दीपमाला विजय जैन, सरपंच ग्राम पंचायत मर्रा मुकेश देवांगन, उपसरपंच सौरभ कामडे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा, विकाखण्ड क्रीडा अधिकारी श्रीमती सकिला देवदास, नोडल अधिकारी पाटन भरत लाल ताम्रकार, भूपेन्द्र हिरवानी, मास्टर वेटनर दुर्ग बीआर ने मां सरस्वती एवं हनुमान की छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।

आयोजित कार्यक्रम में खेलों इंडिया लघु केन्द्र मर्रा पाटन के अलावा दुर्ग जिले के अन्य 07 टीम इस प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल का उद्देश्य महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना व महिलाओं को प्रेरित करना और उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा पाटन, द्वितीय स्थान दरबार मोखली बी और तृतीय स्थान दरबार मोखली ए ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाला राम साहू, हेमन्त बघेल, कोमल निर्मलकर, नरेश साहू, ईश्वरी देशमुख एवं सुर्जीत यादव आदि थे। कार्यक्रम का संचालन व्यायाम शिक्षक मर्रा संतोष कुमार यादव ने व आभार प्रदर्शन खेल एवं युवा कल्याण विभाग प्रदीप कुमार भुवाल ने किया गया।



## 11 सदस्यों ने श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया

# नवनियुक्त महापौर परिषद के सदस्यों ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम के 11 सदस्यों ने अपने विभागों का कामकाज मंगलवार से संभाल लिया हैं। सभापति की तरह सभी ने नए चेंबर में पूजा अर्चना के बाद कुर्सी संभाली। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण सहित फटाकों और बैंड बाजे की धुन के बीच के बीच सदस्यों में उत्साह भी बना हुआ था।

■ नए चेंबर में पूजा-अर्चना के बाद संभाली कुर्सी

मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) में नवनियुक्त सदस्य के कार्यभार को लेकर भाजपा संगठन के नेताओ की भी उपस्थिति बनी रही।

सुबह से ही नगरनिगम कार्यालय में नेताओं और उनके समर्थको की आवाजाही बनी हुई थी। इस दौरान देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू,नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, लीलाधर पाल, शिव नायक, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन ने निगम मुख्यालय भवन सभागार के नीचे एमआईसी भवन में पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा–अर्चना कर आबंटित कक्ष में अपना पदभार संभाल लिया। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, संजय बघेल सहित नव निर्वाचित वार्ड पार्षदगणों, पूर्व पार्षदगणों, बुके प्रदत्त कर और फूलमालाओं से उनका स्वागत भी किया गया। महापौर अल्का बाघमार ने सभी एमआईसी सदस्यों को निर्देशित किया। उन्होने शहर में विकास कार्यों में कसावट लाने को कहा।



### विभागों के कार्य में आएगी तेजी

नगरनिगम महापौर चुनाव और फिर सभापति का चुनाव किया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण के बीच विभागों का बंटवारा भले ही हो गया था। लेकिन निगम में सभी सदस्यों का नए कक्ष का इंतजार था। हांलाकि सभी को कक्ष आबंटित होने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि अब विभागों के कामकाज में तेजी आएगी।

### अंत में बदले गए वित्त प्रभारी के कक्ष

मंगलवार को कुछ एमआईसी सदस्यों को छोटा कक्ष एलॉट किए जाने का विषय काफी चर्चा में रहा। वरिष्ठ पार्षद एवं वित्त लेखा अंकेक्षण समिति सदस्य नरेन्द्र बंजारे को छोटे साईज का कक्ष एलॉट किया गया था। श्री बंजारे ने इस पर नाराजगी जताई। इस बीच निगम अधिकारी भी सख्ते में आ गए। इसकी आंच महापौर व सभापति तक भी पहुंची। इस बीच आनन-फानन में वरिष्ठ एक्जेक्यूटिव इंजीनियर वीपी मिश्रा का कक्ष खाली करवाया और नरेन्द्र बंजारे को एलॉट किया गया।

## साइंस कालेज व लक्ष्य इनफोसिस फाउण्डेशन बंगलौर के मध्य एमओयू



दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने मार्गदर्शन में रोजगार के अवसर, स्किल डेव्हलपमेंट एवं इन्टर प्रिनोरशिप को बढ़ावा देने महाविद्यालय एवं लक्ष्य इनफोसिस फाउण्डेशन बंगलौर के मध्य एमओयू हुआ। लक्ष्य फाउण्डेशन एक बहुप्रतीष्ठित कंपनी है, जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्किल डेव्हलपमेंट कोर्स आर्गेनाइज कराती है, जिनमें विद्यार्थियों को अलग-अलग कोर्स के आधार पर 10 से 15 दिनों तक ट्रेनिंग दिया जायेगा एवं ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट दिया जायेगा, जो विभिन्न कंपनी जैसे कि टेक्नो टॉक्स बैकिंग, सेक्टर्स, कॉल सेंटर में रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। इसमें प्रमुखतः इंग्लिश लैग्वेज, आरटीफिशियल इंटेलीजेंसी, रिजूम राइटिंग, इंटरव्यू स्किल्स आदि विषयों पर ट्रेनिंग दी जायेगी। यह साल में 3-4 बार हो सकता है। एमओयू के समय शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालयके प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं फाउण्डेशन बंगलूरू की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुजीत कौर, प्लेसमेंट मैनेजर हिमांशु साहू, प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. पद्मावती, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. अंशुमाला चन्दनगर की उपस्थिति में एग्रीमेंट साइन किया गया।

# ॐ नमो भगवते सदाशिवाय मंत्र से गुंजायमान हुआ ग्राम निकुम का वातावरण

## तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम में वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम ग्राम निकुम में वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाहुति दी जाती है। संत श्री माताजी के मार्गदर्शन में भक्तों ने ॐ नमो भगवते सदाशिवाय मंत्र जाप के साथ यज्ञ कुंड में आहुति दी। संत श्री माताजी ने अपने श्री मुख से भक्तों को वीरभद्र के स्वरूप का बखान किया। उन्होने बताया कि किस प्रकार भगवान शिव ने अपने अंशावतार वीरभद्र के क्रोध को शांत कराया।

संत श्री माताजी ने बताया की सतयुग में माता पार्वती का सती होना, त्रेतायुग में माता सीता का धरती में समा जाना और द्वापर युग में द्रोपती का चीरहरन होना अर्थात् नारी शक्ति का जब-जब भी अपमान हुआ है युग परिवर्तन की ओर इंगित करता है। संत श्री माताजी ने आगे बताया कि घोर चिंता और चिंतन का विषय है कि आज वर्तमान में कलयुग में छोटी-छोटी बच्चियां जिस प्रकार फांसी के फंदे पर लटककर आत्म हत्या कर रही है यह बहुत ही गहरी संवेदना का विषय है। हम आधुनिकता की दौड़ में इतने अंधे हो गये हैं कि सच्चाई और बुराई का भेद को समझ नहीं पा रहे हैं अर्थात् सही मार्गदर्शन कहीं नहीं दिखता, अच्छा संस्कार ही सही मार्गदर्शन दिखा सकता है। क्रमशः







### भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं

संत श्री माताजी ने बताया कि आज वर्तमान में युवा पीढ़ी हो या व्यस्क सभी में एक होड़ सी मची हुई की अपनी इच्छाओं को अतिशीघ्र कैसे प्राप्त किया जाए इसलिए सही व गलत के अंतर के भूलते जा रहे हैं। धर्म के रास्ते से भटकते जा रहे हैं, धैर्य को खोते जा रहे हैं। संत श्री माताजी ने आगे कहा की ऋषि-मुनि, देवता और तपस्वी तक को धैर्य रखना पड़ा तो मनुष्य की क्या ही बात है। अर्थात् भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। तभी जाकर आपको अपनी मनोकामनाओं की प्राप्ति हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### आकाश का अग्निवीर भर्ती फोर्स में हुआ चयन



**अंडा।** लक्ष्य मैदान अंडा मिनी स्टेडियम के अग्निवीर फोर्स के लिए चयन आकाश कुमार ठाकुर ग्राम विनायकपुर के निवासी है। लक्ष्य मैदान अंडा में निरंतर प्रशिक्षण लिया और अग्नि वीर फोर्स में अपना नाम चयनित कराया। वहीं भारत यादव खिलेंद चंद्राकर, जनपद सदस्य दुर्ग लोमस चंद्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, युवराज देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, राहुल देशमुख, दीपेश देशमुख, डिलेश साहू, खिलेंद धीवर आदि ने बधाई दी है।

### 108 थालियों से माता की महाआरती कल

**भिलाई।** मां शीतला युवा सेवा समिति शीतला तालाब इंदिरा नगर वार्ड-16 सुपेला में 3 अप्रैल को 108 थालियों से माता की महाआरती शाम 6 बजे की जाएगी। आयोजक दीपक साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर 3 अप्रैल को पंचमी के दिन माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7.30 बजे सेवा जस गीत का भी आयोजन किया जाएगा।

### पाटन के वार्ड 1 में चलाया सफाई अभियान



**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के वार्ड 1 में नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से युवा पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन ने स्वयं उपस्थित होकर सफाई कार्य की निगरानी की एवं सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए भी दिये। उनके इस प्रयास से न केवल वार्ड स्वच्छ हुआ बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश मिला।

### परसदा में हुआ सुंदर काण्ड पाठ



**अंडा।** हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर हिंदू जागरण, गांव के खुशहाली एवं संपूर्ण विकास, नए भारत के लिए निर्माण तथा विश्व शान्ति के लिए सुन्दर काण्ड का पाठ ग्राम पंचायत परसदा एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिसमें सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच लिलेश्वर साहू, पंच मीना साहू, सरस्वती, भावना का विशेष सहयोग रहा।

## निधन

### सुभाष गुप्ता



**दुर्ग।** कातुलबोड़ दुर्ग निवासी बीएसपी मेकेनिकल विभाग सेवानिवृत्त सुभाष गुप्ता का निधन 1 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. छगन लाल गुप्ता के पुत्र एवं शरद गुप्ता बैंक मैनेजर, मुकेश गुप्ता के पिता एवं मणि गुप्ता के पति थे।

## परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती परसदा और खम्हरिया में जयंती समारोह

# माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक विषमता को करें दूरः विधायक कुंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

### अतिथियों को प्रतिक चिन्ह व साल भेंटकर किया सम्मानित



परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह ग्राम परसदा परिक्षेत्र आटेबंद में भक्त माता कर्मा की जयंती परिक्षेत्रीय साहू समाज के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कलश शोभायात्रा से किया गया। दोपहर 12 बजे से माता कर्मा की पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवरसिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता मानसिंह सार्वा अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही, विशेष अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर जनपद पंचायत अध्यक्ष गुण्डरदेही, हेमंत कुमार साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही, गुलशन कुमार साहू जनपद सदस्य, रामस्वरूप साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही, कुलदीप साहू ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण मोती लाल साहू गुरेदा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू परसदा सहित अनेक परिक्षेत्रीय साहू समाज के लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर अंजोर जस झांकी एवं फाग मंडली पेंड्री कलंगपुर की प्रस्तुति दी गई। परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण संरक्षक ओमप्रकाश साहू सकरौद, बलराम साहू धर्मी अध्यक्ष, मोती कुमार लाल साहू गुरेदा उपाध्यक्ष, छन्नुलाल साहू ओटेबंद कोषाध्यक्ष, भीषम लाल साहू डौकीडीह उपकोषाध्यक्ष, बालगोविंद साहू सिरसिदा सचिव, ललित कुमार साहू देवरी ख सहसचिव, बीरेंद्र कुमार साहू डगनिया प्रचारमंत्री, धनाराम साहू अर्जुनी संगठनमंत्री, जयपाल साहू देवरी क समाजसेवक, आरती राम साहू ओटेबंद सहित परिक्षेत्रिय साहू समाज ओटेबंद एवं समस्त साहू समाज परसदा के ग्रामीण जन उपस्थित थे। साहू समाज द्वारा पत्रिकारिता के क्षेत्र में अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय साहू को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माता कर्मा के प्रतिक चिन्ह व साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया और इस कार्यक्रम के मंच संचालन दिल्ली से सम्मानित खिलेन्द्र संजू यादव ने किया।

### समाज में खर्चीला शादी बंद होना चाहिएः ताम्रध्वज

**उतई।** ग्रामीण साहू संघ ग्राम खम्हरिया में भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा ग्राम में भ्रमण कराया गया। समाज की बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र खिलावान साहू, जनपद सदस्य जीतेन्द्र टंडन, अध्यक्ष तहसील साहू संघ पुसूऊ राम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू, समाज सेवी हर्ष साहू, जगदीश राम साहू, दुलारी देशलहरे ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष लोकनाथ साहू, सुखीराम यादव उपस्थित थे। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने माँ कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में बहुत गंभीर चिंतन करके समाज में क्या कार्य किया जाना है और कैसे समाज के लोगों को आगे बढ़ाना है, इस दिशा में कार्य करना चाहिए। हम कहते जरूर हैं कि खर्चीली शादी बंद होनी चाहिए लेकिन कोई शादी में खर्च कम नहीं करता। इस ओर हमें ध्यान देना चाहिए। समाज सुधार की बात करते हुए नियम बनाया जाता है लेकिन नियम बनाने से ज्यादा जरूरी नियम का पालन करना है। उन्होंने कहा कि पहले सामाजिक बुराई के लिए अशिक्षा को कारण माना जाता था। उन्होंने साड़ी बांटने की प्रथा को भी बंद करने की वकालत करते हुए कहा कि दिए गए साड़ी का उपयोग कोई नही करता और वह पेटियों में बंद होकर रह जाता है।



## अंचल की खबरें

### पाटन महाविद्यालय में मनाया विदाई समारोह



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह मनाया गया। यह आयोजन अंग्रेजी साहित्य के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया जिसमें चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विदाई दिया गया। इस समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई जिसमें प्राचार्या ने विदाई ले रहे विद्यार्थियों की मेहनत एवं उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने बताया की यह पल केवल विदाई का नहीं, बल्कि एक नये सफर की शुरुआत का भी है। सभी छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई और उन्हें जीवन मे नये अवसरो का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया। विदाई समारोह केवल अंत नहीं होता, बल्कि यह नये अवसरों की शुरुआत का प्रतिक होता है। हमें याद दिलाता है कि हर अंत एक नये प्रारम्भ कि ओर ले जाता है। छात्रों ने इस अनुभव को हमेशा याद रखने का वचन दिया और साथ ही अपने शिक्षकों और महाविद्यालय को धन्यवाद दिया। इस तरह विदाई समारोह को यादगार बनाया है छात्रों द्वारा अनेक खेल रखे गए थे जिसमे उन्होंने भाग लेकर इस आयोजन को आनंद लिया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नंदा गुरुवारा एवं बीएम साहू थे। साथ ही विभाग के विभागध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा सहायक प्राध्यापक, रागिनी साहू सहायक प्राध्यापिका, अतिथि शिक्षक मनमोहन साहू, डॉ. परमानन्द सिन्हा एवं समस्त अंग्रेजी विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शराब दुकानों में संचालित अहाता करें बंदः अनुरूध

**भिलाई।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे युवा इकाई अजीत जोगी युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरूध वर्मा (अनिरुध) ने कहा कि छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत दुर्ग जिला अंतर्गत देशी और विदेशी शराब दुकानों पर लाइसेंसी आहता खोला गया था जो कि जिसकी अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गई है लेकिन फिर भी शराब दुकानों में आहता का संचालन किया जा रहा है जो कि अवैध रूप से संचालित हो रही है और छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत भी अवैध है लेकिन आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं कर रहे है और आबकारी विभाग के अधिकारी मौन बैठे हैं। अजीत जोगी युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरूध वर्मा ने कहा कि अगर शराब दुकानों पर संचालित अवैध अहाता पर कार्यवाही नहीं की गई तो दुर्ग जिला कलेक्टर और छत्तीसगढ़ आबकारी सचिव आर संगीता को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करेंगे।

### जामगांव आर में रामोत्सव मनाने हुई बैठक

**जामगांव आर।** ब्लॉक स्तरीय रामोत्सव 6 अप्रैल 2025 राम नवमी के पावन अवसर पर जामगांव आर में साधु संतों की उपस्थिति में भव्यता के साथ मनाने के लिए ब्लॉक के केंद्र स्थलों जामगांव आर, रानीतराई, गाड़ाडीह, बेलहारी में संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा ने बैठक लेकर योजना को मूर्त रूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के विशेष मार्गदर्शन में आयोजन को यादगार बनाने टीम जुट चुकी है। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने बताया कि आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए जन कल्याण रामोत्सव समिति का विस्तार किया गया जिसमें जनपद सदस्य प्रणव शर्मा संयोजक एवं जामगांव आर निवासी किशोर साहू अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। समिति के संयोजक प्रणव शर्मा एवं अध्यक्ष किशोर ने सोमवार को समिति का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को दायित्व की जिम्मेदारी दिए जिसमें उपाध्यक्ष कमलेश साहू, नेतराम निषाद, नारद साहू, शैलेन्द्री मंडावी, ज्योति प्रकाश साहू, कमलेश चन्द्राकर, रानी बंछोर एवं संगीता शर्मा, महामंत्री हलधर महमल्ला, पुरणेंद्र सिन्हा, सचिव मनीष चन्द्राकर एवं रवि सिन्हा सह सचिव, योगेश्वर साहू, वासु वर्मा एवं राकेश शर्मा बनाये गए। समिति के संरक्षक मण्डल में नरेश केला, रूपेंद्र शुक्ला, आसकरण जैन, कमलेश वर्मा, रामकुमार चन्द्राकर, लालेश्वर साहू तथा प्रमुख सलाहकार में भगवान सिंह चन्द्राकर, राजेश बंछोर, संजय चन्द्राकर, तेजेन्द्र पिपरिया, भास्कर वर्मा, रूप सिन्हा आदि को शामिल किए गए।

### परसदा में आश्रम नवनिर्माण का भूमिपूजन आज

**अंडा।** भूमिपूजन समारोह श्री सत्य कबीर आश्रम परसदा (डगनिया) में सद्गुरु कबीर साहेब की अपार कृपा से आश्रम नवनिर्माण का भूमिपूजन सुधाकर शास्त्री साहेब सद्गुरु कबीर प्राकट्यधाम लहरतारा काशी एवं आचार्यगद्दी सद्गुरु कबीर धर्मस्थान खरसिया, रायगढ़ के सानिध्य में संपन्न होगा। लोगों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाए। यह जानकारी कुलदीप साहू ने दी।

## बेटियों को शिक्षा और समान अवसर मिले यही समाज की प्रगति का आधार हैः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

- पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित



नगर पंचायत उतई स्थित मंगल भवन में एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग, दुर्ग ग्रामीण द्वारा आयोजित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नारी शक्ति को नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बेटियों को शिक्षा और समान अवसर मिले, यही समाज की प्रगति का आधार है।

इस अवसर पर विविध कार्यक्रम महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। महिलाओं द्वारा आयोजित पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है जो हमारे समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव को दूर करने और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को समाज में समान अधिकार दिलाना और उनकी शिक्षा को सुनिश्चित करना है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार, महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही उसके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए महतारी वंदन योजना लागू कर हर माह 1000 रूपये प्रदान किया जा रहा है जिसका लाभ सीधा महिलाओं को मिल रहा है।

## कुम्हारी में वर्षप्रतिपदा उत्सव स्वत्व-स्मरण का किया आह्वान



**कुम्हारी।** कुम्हारी स्थित भगतसिंह शाखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरआरएस के वर्षप्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मुकुन्द हम्बर्डे ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, यानी नववर्ष के प्रथम दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आज वर्षप्रतिपदा है, जो सृष्टि का आरंभ दिवस है और इसी दिन से हिंदुओं ने अपनी काल गणना भी प्रारंभ की है। उन्होंने उपस्थित सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। हम्बर्डे ने हिन्दुनववर्ष मनाने के महत्व को 'स्वत्व-स्मरण' बताते हुए कहा कि विदेशी आक्रमणों के दौरान हमने अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखा, लेकिन धीरे-धीरे हम आत्मविस्मृत होते चले गए। हम अपनी पहचान, परंपरा और संस्कृति को भूलने लगे, जिसके कारण समाज न केवल पराधीन हुआ, बल्कि अपनी मूल पहचान भी खो बैठा। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज आत्मविस्मृत होता है, तो वह विनाश की ओर अग्रसर होता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आंदोलन और कुछ क्रांतिकारियों ने सशस्त्र आक्रमण का मार्ग चुना। लेकिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने सभी उपायों पर विचार करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि जब तक हिंदू समाज आत्मगौरव से युक्त और संगठित नहीं होगा, तब तक वह न स्वतंत्र हो सकता है और न ही प्रगति कर सकता है। उन्होंने डॉ. हेडगेवार की वेदना का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदू समाज की आत्मविस्मृति की पीड़ा उनके मन को सालती थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि हृदय की व्यथा संघ बन फूट निकलीॽ। अपने अथक परिश्रम और तपस्या से उन्होंने नागपुर के एक छोटे से स्थान से शुरू हुए संघ को 1940 तक भारत के हर क्षेत्र में पहुंचा दिया।

## बिजनेस साइट

### बढ़े हुए अंडकोष के साथ पहुंचा मरीज, किडनी भी थी खतरे में



**भिलाई।** 60 वर्षीय एक पुरुष बढ़े हुए अंडकोष की समस्या लेकर हाइटेक हॉस्पिटल पहुंचा। स्थिति इतनी दर्दनाक थी कि वह कपड़े भी नहीं पहन पा रहा था। यह स्थिति अचानक उत्पन्न हुई थी। उसे पेशाब करने में भी दिक्कत हो रही थी और पेट फूल रहा था। जांच करने पर मरीज को एक्यूट प्रोस्टेटाइटिस से ग्रसित पाया गया। यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन कुमार वैष्णव ने बताया कि मरीज के आरंभिक लक्षण तीव्र संक्रमण के थे। उनकी किडनी, यूरेटर, ब्लैडर और अंडकोष की अल्ट्रा सोनोग्राफी जांच की गई। जांच के परिणाम चिंतित करने वाले थे। उनकी किडनी में सूजन थी, अंडकोष में पस जमा था। उनकी प्रोस्टेंट ग्रंथि काफी बढ़ी हुई थी। मरीज को रह-रहकर तेज बुखार आ रहा था जो संक्रमण का परिणाम था। डॉ. वैष्णव ने बताया कि समस्या के मूल में प्रोस्टेट ग्रंथि की सूजन थी। ऐसा बैक्टीरियल संक्रमण के कारण हो सकता है। यूरिन कल्चर कर उसके आधार पर एंटीबायोटिक शुरू किया गया। सूजन को कम करने की दवाइयां प्रारंभ की गईं। ब्लैडर को खाली करने के भी उपाय किये गये। प्रोस्टेट के बढ़ जाने को प्रोस्टैटोमेगाली कहते हैं। इसका भी प्रबंधन किया गया। इलाज शुरू होने के एक दिन बाद ही मूत्र विसर्जन सामान्य ढंग से होने लगा। किडनियों पर दबाव कम होने से वे भी स्वाभाविक अवस्था में लौट आए। मरीज को पूरी तरह ठीक होने में चार से छह सप्ताह लगेंगे। छह सप्ताह के बाद मरीज को पुनः जांच के लिए बुलाया गया है। डॉ. वैष्णव ने बताया कि इस स्थिति में तेजी से सुधार लाने के लिए मरीज को दवाइयों के साथ ही पर्याप्त पानी पीने और अंडकोषों को सपोर्ट करने वाले वस्त्र पहनने की सलाह दी जाती है।



# वित्तीय वर्ष की शुरुआत, निदेशक प्रभारी ने कार्मिकों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कई क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन, कुछ क्षेत्रों में मार्च माह का श्रेष्ठ निष्पादन और कुछ अन्य क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ वार्षिक निष्पादन बेहतर उपलब्धी दर्ज किया है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में आज 1 अप्रैल 2025 को विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। सभी ईडी व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में सभी ईडी की मौजूदगी में सेल अध्यक्ष और सेल के निदेषकों के साथ विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद सभी सिंटर भवन पहुंचे, वहां सिंटर प्लांट, ओएचपी, एलडीसीपी बिरादरी के सदस्यों से मुलाकात की और उनको शुभकामनाएं दी। इसके बाद कोक ओवन के सदस्यों के साथ वेलफेयर बिल्डिंग-4, प्लेट मिल, स्टील मेल्टिंग शॉप-2, आरईडी, एसआरएम के सदस्यों के साथ वेलफेयर बिल्डिंग-26 में, सेवाएं व सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सदस्यों से संयंत्र भवन में, ब्लास्ट फर्नेस, पी एंड बीएस विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, आई एंड ए विभाग के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-8 में, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 एवं आरसीएल विभाग बिरादरी के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-05 में, रखरखाव एवं उपयोगिताएँ विभाग व सीपीएस के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-02 तथा यूनिवर्सल रेल मिल, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और आरटीएस विभाग, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल, बार एंड रॉड मिल के सदस्यों के साथ मुलाकात की और उन्हें बीते वित्त वर्ष के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए बधाई दी। श्री दासगुप्ता ने कहा कि सभी को और बेहतर प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। हम प्रतिस्पर्धा में तभी बने रहे पाएंगे, जब हम अपने में निरंतर सुधार कर पाएंगे। संयंत्र भ्रमण के दौरान राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, प्रवीण निगम, डां. एम रवींद्रनाथ, अरुण कुमार सहित सीजीएम प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे।

## बीएसपी के सभी विभागों में हुआ रिकार्ड उत्पादन, सिंटर, बीएफ व एसएमएस के पिछले कीर्तिमान टूटे

### माडेक्स इकाइयों का कीर्तिमान

भिलाई इस्पात संयंत्र ने तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के साथ उत्पादन के लगभग सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ निष्पादन करते हुए रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। ओर हैंडलिंग प्लांट , सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस-8 से हॉट मेटल का उत्पादन, एसएमएस-3 से ब्लूम उत्पादन के साथ तकनीकी सूचकांक के क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस उत्पादकता और कुल मेटलिक चार्ज में निष्पादन दर्ज करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक कीर्तिमान बनाया है। सिंटर प्लांट-3, एसएमएस-3, प्लेट मिल और तकनीकी सूचकांक के क्षेत्र के कई बिन्दुओं पर सर्वश्रेष्ठ मार्च माह का रिकॉर्ड दर्ज कराया है। ओर हैंडलिंग प्लांट ने कुल 21,30,919 टन मटेरियल हैडलिंग करते हुए मार्च 2024 के 20,97,476 टन के पिछले रिकार्ड को तोड़ अब तक का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान दर्ज किया है। सिंटर प्लांट ने कुल 7,96,304 टन सिंटर उत्पादन कर जनवरी 2024 में दर्ज 7,90,112 टन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने बीते वित्त वर्ष में अनेक उपलब्धियां दर्ज की है। एसएएसएस-3 ने 1,33,454 टन ब्लूम उत्पादन करते हुए मार्च 2023 के 1,28,487 टन के पुराने रिकॉर्ड को पार किया है।



### सर्वश्रेष्ठ मार्च माह

सिंटर प्लांट-3 ने वित्त वर्ष 2024-25 के अन्तिम महीने मार्च 2025 में 5,46,870 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज करते हुए मार्च 2023 के 5,38,095 टन को पीछे छोड़ दिया है। इसी तरह स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने कास्ट स्टील के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एसएमएस-3 ने 3,27,408 टन उत्पादन किया, जो मार्च 2024 के 3,19,259 टन से अधिक है। संयंत्र की प्लेट मिल ने भी पूरे मनोवेग से 34,707 टन हाई टेंसाइल प्लेटों का उत्पादन किया है जो मार्च 2024 के 33,226 टन से अधिक है। इसी तरह तकनीकी सूचकांकों में ब्लास्ट फर्नेस-6 की सीडीआई रेट, ब्लास्ट फर्नेस 1 से 8 तक का कोक दर, एसएमएस-3 का कुल मेटलिक चार्ज और श्रम उत्पादकता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मार्च महीना दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में ट्रैफिक प्रधान आरक्षक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में ट्रैफिक पुलिस के प्रधान आरक्षक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम रवेलीडीह में सोमवार की शाम बेमेतरा पुलिस ट्रैफिक में पदस्थ ट्रैफिक प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर बेमेतरा से बालोद जा रहा था। बालोद में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के दौरे को लेकर मृतक की की डयूटी लगाई गई थी। जिसके लिए वह बेमेतरा से अपने सरकारी दो पहिया वाहन सीजी 03- 7980 से बालोद जा रहा था। ग्राम रवेलीडीह में अज्ञात कार ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे प्रधान आरक्षक को गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भर्ती कराया गया। जहां कर्मी ने दम तोड़ दिया।

### गांजा तस्कर महिला पुरुष गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचते पुलिस ने महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आंध्रा. स्कूल के पास वृंदा नगर पुरुष और महिला गांजा बेच रहे थे। प्रभारी वैशाली पुलिस ने दोनो को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम कैम्प-1 पी. वेंकट राव और कैम्प-1, 18 नंबर रोड़ स्टील नगर एन. पूजा बताया। आरोपी पी वेंकेट के एक नीले रंग के प्लास्टिक में 50 नग पेपर की पुड़िया में गांजा और खुला गांजा वजन करीब 518 ग्राम,बिक्री रकम 3 हजार रुपए मिला। महिला एन.पूजा के कब्जे से 35 नग छोटा पैकेट, खुला गांजा कुल 1.258 किलो ग्राम जब्त किया।

### एसएमएस-3 सातवीं वर्षगांठ मनी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) बिरादरी ने स्थापना दिवस की सातवीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार सहित अन्य अनुभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। एसएमएस-3 ने 660 दिनों में 1 मिलियन टन इस्पात उत्पादन हासिल किया था। टीम एसएसमएस-3 ने उत्पादन में आने वाली चुनौतियों को अपने मेहनत, लगन और अथक प्रयास से दूर किया। मिल बिरादरी को टीमवर्क से 96 दिन में 1 मिलियन टन स्टील उत्पादन की सफलता प्राप्त हुई है। मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने उत्पादन रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का विष्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एसएमएस-3 की प्रतिबद्ध टीम 1 मिलियन टन इस्पात उत्पादन की समय-सीमा को 85 दिन करने की दिशा में सक्रिय रूप से प्रयासरत है तथा निकट भविष्य में अपने इस लक्ष्य को अवष्य प्राप्त कर लेगी। एसएमएस-3 बिरादरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट एवं महिला कर्मचारियों को एप्रॉन प्रदान किया गया।

## विडंबना: न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा के लिए मोहताज

# भिलाई संयंत्र में निरंतर कम हो रहे रेगुलर कर्मचारी, ठेका मजदूरों पर बढ़ रही निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर रेगुलर मेन पावर का ग्राफ गिरने के साथ ही ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही वर्क लोड भी बढ़ रही है। लेकिन हजारों श्रमिकों को वेतन और सुविधाएं को लेकर स्थानीय और उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इससे इस तबके में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने जल्द मजदूरों की लंबित समस्याओं के निदान नही होने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है। बीएसपी में करीबन बीस हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। पूरे सेल में इनकी तादाद एक लाख से ऊपर है। सेल सहित बीएसपी के उत्पादन, मेंटेनेंस, हाउसकीपिंग आदि कामकाज में अहम योगदान है। एक मिलियन टन से पांच मिलियन टन उत्पादन के कीर्तिमानी योगदान नियमित कर्मियों से कमतर नही होने के बाद भी वेतन,भत्ते, सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाओं के मामले में मजदूर उपेक्षित है। यूनियनों के मुताबिक रेगुलर मेन पावर कम होने के साथ ठेका मजदूरों की संख्या और उन पर दबाव बढ़ रहा है। लेकिन मजदूरों के हितों को लेकर प्रबंधन, सरकार और श्रम विभाग उदासीन हैं। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि चार साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में मजदूरों को वेतन समझौता करने की मांग पर सेल प्रबंधन ने आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक परिणाम शिफर है। मजदूर मात्र पांच सात हजार वेतन में काम करने मजबूर है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी ध्यान नही देने से असंतोष बढ़ रहा है। मजदूरों को एस-11 के बराबर वेतन की मांग की जा रही है।

### यूनियनों ने कहा जल्द लागू करें वेतन समझौता और दें बोनस



### सुरक्षा, मेडिकल व शिक्षा में भी योगदान

सैकड़ों ठेका मजदूर बीएसपी सेक्टर नौ हास्पिटल सहित स्कूलों आदि शिक्षा विभाग और सुरक्षा जैसे कार्यों में भी योगदान दे रहे हैं। प्लांट में सामान्य अनुभागों सहित जोखिम वाले फैक्ट्रियो में भी काम कर रहे हैं। वर्कलोड से दुर्घटनाओं में हताहत व मौतें भी हो रही हैं। लेकिन न्यूनत वेतन तो दूर सेफ्टी किट तक उन्हें ठेकेदार उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। यूनियने सालों से सुरक्षा की राशि ठेकेदारों से जमा करवाने की मांग कर रही हैं पर प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

### अकुशल को ट्रेनिंग की दरकार

बीएसपी में कुछ बड़ी कंपनियों को छोड़कर अधिकतर मजदूरों को न्यूनतम वेतन सहित बोनस और भत्ते व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही है। विरोध करने पर गेट पास ठेकेदार छीन लेता है। ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि मजदूरों की जीवन स्तर उठाने वेतन समझौता निर्धारण जरुरी है। इससे उन्हें परिवार चलाने लायक वेतन, बोनस और सुविधाएं मिलेंगी। कुशल, अर्धकुशल और अकुशल मजदूरों का न्यूनतम वेतन निर्धारित है। लेकिन सभी को नहीं मिल रहा है। यूनियन प्रयास कर रही है।

## संयुक्त यूनियन के प्रयास का नतीजा

**भिलाई।** 28 अक्टूबर 2024 की हड़ताल में शामिल युवा कर्मचारियों का 31 दिसंबर 2024 को मिलने वाला प्रमोशन रोक दिया गया था । इसका संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कड़ा विरोध किया था एवं जल्द प्रमोशन देने की मांग की थी । प्रबंधन ने इनमें से 57 कर्मचारियों का प्रमोशन ऑर्डर दे दिया है। इनकी नोशनल सीनियरिटी 31 दिसंबर 2024 से ही दी गई है। संयुक्त ट्रेड यूनियन( बीएमए इंटक एटक सीटू एचएमएस एक्टू लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन ) ने 28 अक्टूबर ,2024 की हड़ताल में विरोध कर संयुक्त यूनियन ने इन कर्मचारियों को निःशर्त प्रमोशन देने की मांग की थी । इसी मुद्दे पर संयुक्त ट्रेड यूनियन की कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से 28 जनवरी को बैठक हुई थी जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था। क्वालिटी बेस्ड करियर ग्रोथ (क्यूबीसीजी) के आधार पर प्रमोशन रोके गए 57 कर्मचारियों को आज प्रमोशन दे दिया गया है । संयुक्त ट्रेड यूनियन की मांग के अनुरूप उनकी सीनियरिटी 31 अक्टूबर 2024 ही रखी गई है। बाकी बचे हुए कर्मचारियों को 30 जून 2025 को डीपीसी में प्रमोशन दिया जाएगा । संयुक्त ट्रेड यूनियन इसके लिए कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं सीजीएम संदीप माथुर व इस प्रमोशन प्रक्रिया में शामिल पर्सनल विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

■ हड़ताल के कारण रोका गया प्रमोशन बहाल किया गया

## अब नही सुनाई देगी हास्य कवि रामबरन कोरी की हजलगोई

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार राबरन सिंह कोरी कशिश नहीं रहे। पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे श्री कोरी ने मंगलवार को स्पर्श हास्पिटल में आखिरी सांस ली। शहर की साहित्यिक बिरादरी ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए भावभानी श्रद्धांजलि दी है। चार दशक के दौरान एक कवि के रुप में स्व. कोरी की दिलचस्प कवितागोई और नेकदिली दोनों ही ट्विनसिटी और अंचल में होने वाली कवि गोष्ठियों, और कार्यक्रमों में चर्चा का विषय हुआ करती थी। उनका हजल पढ़ने का अंदाज जितना संजीदा था, कविताएं उतनी ही चुटीली थी। वे एक हजलकार (हास्य कवि) के रुप में चर्चित थे और भोपाल, दिल्ली, रायपुर व भुवनेश्वर आदि कई अभा कवि सम्मेलनों में भी शिरकत की। हास्य विनोद के साथ सामाजिक बुराईयों और देश के ज्वलंत मसलों पर सटीक मिसाइल दाग देने में माहिर थे। वे भले ही वे छोटे कद के थे लेकिन दूसरों की मदद के लिए सदैव हाथ बढ़ाना उनकी फितरत में था। डाक विभाग से रिटायर श्री कोरी ने अपनी सभी पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी की। कविता के प्रति लगाव इतना कि बीमार रहते हुए भी लिखने की चाह बनी रही। श्री कोरी साहित्यकार के साथ फुटबाल और बालीवाल के रेफरी भी थे। साहित्यकार डां. नौशाद सिद्दीकी बताते हैं कि श्री कोरी गंभीर रचना और सहज व्यक्तित्व के मालिक थे। उनके जाना पीड़ादायी है। छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि रामबदन कोरी कवि गोष्ठियों में अपनी चुटीली हजल से माहौल बनाने में प्रमुख थे। स्व. कोरी अपने पीछे पत्नी ललिता, एक बेटा संदीप और बेटी शिल्पा प्रसाद सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे रामकुमार व रामाधार कोरी के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 11 बजे निवास 2-डी, सड़क 16 सेक्टर 6 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



■ अस्पताल में 71 वर्षीय कवि ने ली आखिरी सांस

## नाली के ऊपर अतिक्रमण, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम के अधिकारियों द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान पावर हाउस जवाहर मार्केट में देखा गया कि व्यापारियों द्वारा नाली के ऊपर अवैध कब्जा करके स्लैप से ढक दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को नाली सफाई कार्य में परेशानी हो रही है। जिससे नालियों की ठीक ढंग से सफाई नहीं हो पाएगी। कचरा फंसा ही रहेगा व कचरा निकलेगा नहीं। वार्ड भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने देखा कि राधा कृष्णा डेरी एवं डेली नीड्स द्वारा चोरी छिपे अवैध नल कनेक्शन लेकर के पूरा बर्तन सड़क पर साफ किया जा रहा था। होटल डेरी के लिए पानी भी लिया जा रहा था। बर्तन साफ करते हुए रोड को गंदा किया जा रहा था। गंदगी को भी नाली में डाला जा रहा था। जिसे बदबू फैल रहा था।

## इंटक ने कहा- दो मकान अलाट करे प्रबंधन

# टाउनशिप में बेजा कब्जा रोकने कर्मियों को दें बड़े आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में अवैध कब्जे के बढ़ रही समस्या के निदान के लिए बीएसपी कर्मचारियों को एक से अधिक क्वार्टर अलाट किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से भिलाई टाउनशिप में अवैध कब्जे से क्वार्टरों को बचाने के लिए बीएसपी कर्मचारियों को 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर लाइसेंस पर देने एवं 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर ट्विन अलॉटमेंट कैटेगरी में देने की मांग की है ।

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि प्रबंधन से 650 वर्ग फीट के आवास लायसेंस पर देने और 5 सौ वर्ग फीट तक के दो क्वार्टर कर्मचारियों को आवंटित किए जाने की मांग की गई है। बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों की संख्या कम होती जा रही है जिसके कारण से क्वार्टर खाली हो रहे हैं जिस पर अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। अवैध कब्जे से क्वार्टर को बचाना प्रबंधन के लिए बड़ी एक बड़ी समस्या है। साथ ही साथ टाउनशिप मे असामाजिक तत्वों का दखल बढ़ता जा रहा है इससे संयंत्र कर्मियों को भी कई विषय स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए प्रबंधन टाउनशिप को अवैध कब्जे से बचाने के लिए 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर दे दिया।



### कर्मियों को मिलें बड़े आवास

इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने कहा कि बीएसपी के अनेक क्वार्टर बहुत छोटे हैं और वरिष्ठ कर्मचारियो के परिवार की जरूरतों को देखते हुए उन्हे बड़े आवास की जरूरत होती है । वर्तमान में ट्विन अलॉटमेंट 400 स्क्वायर फीट तक का हैं, जो कि वरिष्ठ कर्मचारियों के परिवार के लिए पर्याप्त नहीं है ष इसलिए 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को भी ट्विन अलॉटमेंट में दिया जाए।

## मंदिरों के आसपास रखें सफाई



**राजनांदगांव।** साफ-सफाई का जायजा लेने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने रेवाडीह, गंज मंडी, लखोली, कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख जहां मंदिरों के आसपास विशेष सफाई के निर्देश दिए। वहीं गंज मंडी के व्यापारियों से चर्चा कर शहरी क्षेत्र से पकड़कर कांजी हाउस में रखे घुमंतू मवेशियो के खाद्य अपशिष्ट प्रदान करने पर चर्चा की।

आयुक्त विश्वकर्मा सुबह रेवाहीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा मरम्मत करने प्रभारी को निर्देशित किया। गंज मंडी पहुंचकर उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर कहा कि निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में बैठने व घूमने वाले पशुओं को दुर्घटना से बचाने रेवाहीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखते हैं, जहॉ उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने कहा कि मंडी से निकलने वाले सब्जी, फल, खाद्य अपशिष्ट को यदि आप दोनों कांजी हाउस में भेजेंगे तो मवेशियों के लिए बड़ी मदद हो जाएगी। सब्जी विक्रेताओं ने आयुक्त को मदद करने सहमति दी। आयुक्त ने गंज मंडी के मुख्य द्वार के पास काम्प्लेक्स में सीमा से बाहर दुकान बनाने पर निर्माण रूकवाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

### चारे का पर्याप्त भंडारण के निर्देश

लखोली दुर्गा चौक में सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर उपस्थिति देखकर कहा कि नवरात्रि को ध्यान में रखकर शीतला मंदिर तथा आसपास के वार्डों के सभी मंदिरों के परिसर की समुचित सफाई करने निर्देशित किया। कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में सफाई के निर्देश दिए। साथ ही कांजी हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, चारे का पर्याप्त भंडारण रखने निर्देशित किया।

## पालकों से सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने की अपील

**मोहला।** अपार आईडी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें विद्यार्थी की पूरी शैक्षिक रिकॉर्ड दर्ज होगा। यह विद्यार्थियों के लिए बनाया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि अपार आईडी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण शैक्षणिक जीवन के लिए महत्वाकांक्षी दस्तावेज होगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिले के सभी अभिभावकों और पालकों को अपने स्कूली बच्चों का अपार आईडी बनाने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि ऐसे बच्चे जिनका अपार आईडी अब तक नहीं बना है, पालकगण अपने बच्चों का अपार आईडी अवश्य बनाएं। कलेक्टर ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के तीनों विकास खंड के अंतर्गत अब तक अपार आईडी बनाने से छूटे हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जन्मतिथि अथवा नाम में त्रुटि के चलते कई विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बन रहा है। कलेक्टर ने इसके लिए शिक्षक और पालकों को आगे आकर आवश्यक संशोधन कर अपार आईडी बनाने निर्देशित की है। कलेक्टर ने वर्तमान में अपार आईडी बनाने में कमी पर जिला शिक्षा अधिकारी और सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। माह अप्रैल तक निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं करने पर कार्यवाही करने कहा गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 9755819129



04



छोटे कपड़ों में स्टाइल


## लाइव इवेंट

## बिजली कंपनी में टेक्निकल एक्सपर्ट, उपकरण और ट्रांसफार्मर की कमी



**दुर्ग।** छ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ की कार्यकरिणी सिविल लाइन स्थित जटार क्लब के सभागार में हुई। फील्ड में आ रही समस्याओं पर अभियंताओं ने खुलकर विचार व्यक्त किए। बैठक का उद्देश्य कनिष्ठ अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं को प्रतिदिन कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उपभोक्ता सुविधाओं को बेहतर करने के लिए बुलाई गई थी। इंजीनियर सोहराब खान क्षेत्रीय सचिव ने बैठकों के उद्देश्यों की जानकारी दी। बैठक में तकनीकी कर्मचारियों की कमी, सुधार सामग्रियों की अनुपलब्धता, ट्रांसफार्मर की किल्लत के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि उपभोक्ताओं की संख्या लगभग दो गुनी हो गई है। सभी जोन एवं वितरण केंद्र मे सब स्टेशन एवं नेटवर्क में विस्तार कार्य भी बहुत अधिक हो चुका है। इसके बावजूद कर्मचारियों की कमी एवं संसाधनों की कमी के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में इंजीनियर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। संघ के प्रयासों से स्काई लिफ्ट प्राप्त हो गया है। 100 केवीए एवं इससे अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर को कम मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में तीन पालियों में कॉल सेंटर उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। बैठक में पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी करने, नये वितरण केंद्र, उपसंभाग एवं संभाग सृजित करने, बिल सुधार के लिमिट को बढ़ाने आदि की मांग की गई। बैठक में श्रीकांत बरगैया, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, सीमा बघेल, श्वेता वर्मा, गुणेश्वर शिवार, पुराणिक माहेश्वरी, महेन्द्र साहू, अनिता रोही, सुनील बेलचंदन, उत्तम सोनी, महेश्वर टंडन, आलोक साहू, अजय सिंह, दिनेश गुप्ता, गोपाल प्रसाद साहू, अर्चना खोबरागड़े आदि मौजूद थे।

- छग विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ की कार्यकारिणी बैठक में कई विषय पर चर्चा



## सिटी इवेंट

## चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...डोंगरगढ़ जाने वाले भक्तों का जगह-जगह स्वागत



**भिलाई।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र में मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जगह-जगह ऐसे भक्तों के स्वागत के लिए पंडाल लगाए गए हैं। उनके खाने-पीने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजनांदगांव रोड पर शिवनाथ नदी के तट पर पृथ्वी पैलेस के पास अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा डोंगरगढ़ जा रहे पदयात्रियों को निशुल्क फल, स्वल्पाहार, भोजन, शौचालय, स्नान, विश्राम, मेडिकल जांच एवं दवाओं के इंतजाम किए गए हैं। संस्था के प्रमुख प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि एकम के दिन रविवार को विधिवत पूजा अर्चना कर सेवा पंडाल प्रारंभ करते ही पैदल यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी पूरी रात लोगों का आना-जाना लगा रहा बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी देखी जा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी पंडाल में उपलब्ध है। बड़े उत्साह के साथ युवक युवतियां अपने परिवार के साथ दूर-दूर से पैदल माता के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जा रहे हैं। रात्रि में बड़ी संख्या में लोगों ने पंडाल में विश्राम कर यहां की मेडिकल सुविधा का भी लाभ ले रहे हैं। सेवा पंडाल का उद्घाटन अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम किरतुका, डॉ. मोहन अग्रवाल, राधेश्याम सेक्सरिया, मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संजय गर्ग, दीपक बंसल, सुमित अग्रवाल, पप्पू रुंगटा, दिनेश अग्रवाल, सुधीर खंडेलवाल, मनीष रुंगटा, मनोहर सोनी, नवीन जैन, आशीष रुंगटा, विजय कुमार, राजकुमार अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल सहित अन्य ने किया।

- प्रदेश में पहली बार माइक्रोसॉफ्ट के मुख्यालय का विजिट करने पहुंचे थे रुंगटा आर-1 के स्टूडेंट्स

# माइक्रोसॉफ्ट ने खोले स्टूडेंट्स विजिटर्स के लिए दरवाजे, भिलाई के 100 विद्यार्थियों ने किया अवलोकन, ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज बनते देखा

कॉलेज स्टूडेंट्स को बेहतर सिखाने और रियल टाइम नॉलेज देने के लिए होने वाले शैक्षणिक भ्रमण में रूंगटा आर-1 ग्रुप ने नया कीर्तिमान रच दिया है। ग्रुप के सौ छात्रों ने छत्तीसगढ़ में पहली बार दुनिया की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का विजिट किया। यह सिर्फ शैक्षणिक भ्रमण नहीं था, बल्कि उनको यहां माइक्रोसॉफ्ट में तैयार होने वाले प्रोडक्ट्स का प्रोसेस भी दिखाया गया। कंपनी के गुड़गांव स्थिति माइक्रोसॉफ्ट इंडिया मुख्यालय में सौ छात्र टेक कर्मियों से मिले। दुनिया के हर दूसरे पर्सनल कंप्यूटर में इस्तेमाल होने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज को माइक्रोसॉफ्ट कैसे मैनेज करता है, यह भी सीखा। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट के विभिन्न प्रोडक्ट्स की जानकारी भी मिली। शानदार मल्टीस्टोरी एनर्जी एफीसेंट बिल्डिंग और यहां माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को भी जाना। माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारियों ने स्टूडेंट्स के समूह को कैंपस घुमाया। बातचीत में माइक्रोसॉफ्ट में कॅरियर बनाने की बारीकियां भी बताई।





**भिलाई।** रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. हुमा खान और एचओडी डॉ. अजय कुशवाहा के नेतृत्व में पूरी हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण के जरिए सुनिश्चित किया गया कि छात्र न केवल पेशेवर दुनिया के बारे में जानें बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी समझे। इस यात्रा को शैक्षणिक भ्रमण से एक कदम आगे ले जाते हुए दिल्ली की कई टॉप इंडस्ट्रीज को करीब से दिखाने की कोशिश की गई। शैक्षणिक भ्रमण का मकसद इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को मोटिवेट करना था, ताकि वे माइक्रोसॉफ्ट में मुख्यालय में जाकर एक दिन खुद को यहां स्थापित करने के लिए कोशिश जारी रखें। दुनिया की टॉन नौच कंपनी में शामिल होने की फीलिंग का विकास हो सके। माइक्रोसॉफ्ट का शैक्षणिक भ्रमण समाप्त होने के बाद स्टूडेंट्स ने शेष समय में दिल्ली का फेमस सरोजनी मार्केट, लाल किला, जामा मस्जिद, चांदनी चौक, लोटस टेंपल, स्कॉन टेंपल और अक्षरधाम भी देखा। सौ स्टूडेंट्स का दल ट्रेन के माध्यम से दिल्ली पहुंचा। इस तरह साथियों के साथ उनका यह सफर यादगार बन गया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में रुंगटा ग्रुप के डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ एडविन एंथोनी और आर डॉट वेंचर के फाउंडर राहुल भार्गव का विशेष योगदान रहा। एक्सपर्ट्स ने बताया कि आने वाले समय में भिलाई सहित प्रदेश के अन्य कॉलेजों के लिए अवसर खुल गए हैं, वे भी अब माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनी में होने वाले कामों की जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं।

### छात्रों ने देखा कंट्रोल रूम, ऑपरेटिंग सिस्टम को भी समझा

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के मुख्यालय पहुंचने के बाद कंपनी के नुमाइंदो ने स्टूडेंट्स का स्वागत किया। इस विजिट के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने एक विशेष टीम बनाई थी जिसने स्टूडेंट्स के छोटे-छोटे ग्रुप्स बनाए और फिर उन्हें मुख्यालय विजिट कराने के साथ-साथ प्रोडक्ट्स की जानकारी भी दी। स्टूडेंट्स माइक्रोसॉफ्ट का कैफेटेरिया देखकर हैरान हो गए। यहां की शानदार सर्विसेज ने उन्हें आकर्षित किया। कंपनी की टीम ने स्टूडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, विंडोज सेफ्टी और साइबर सुरक्षा के साथ सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट समझाया। माइक्रोसॉफ्ट के नए प्रोडक्ट्स की जानकारी दी। कॅरियर के लिहाज से, माइक्रोसॉफ्ट में नौकरी के लिए जरूरी पैरामीटर्स बताए गए। इसके लिए होने वालेऑनलाइन-ऑफलाइन एग्जाम के साथ इंटरव्यू और टेक एक्सपीरियंस की जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने कहा कि, माइक्रोसॉफ्ट में चयन के लिए सबसे पहली जरूरत स्किल है, डिग्री पर विशेष जोर देने के बजाए उन्होंने स्टूडेंट्स को ऐसी टेक्निकल स्किल डेवलप करने कहा, जिससे माइक्रोसॉफ्ट के साथ दुनिया की कोई भी टेक कंपनी उन्हें हाथोहाथ अपने साथ जोडऩा चाहेगी।



## जीवन में शरीर, मानसिक स्वास्थ्य और धन की सुरक्षा सबसे जरूरी : शौर्य बाजपेयी

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सिविल सर्विसेस एस्पिरेंट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जीवन के आधार स्तंभ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली से भारतीय वायुसेना सेना के विंग कमांडर शौर्य बाजपेयी थे। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना सम्पूर्ण देश का गौरव है। यह हमारे महाविद्यालय का सौभाग्य है कि आज विंग कमांडर शौर्य बाजपेयी छात्रों को अपने अनुभव से लाभ प्रदान करने पहुंचे हैं। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने आयोजन समिति को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता शौर्य बाजपेयी ने कहा कि जीवन में हमें सदैव अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। अपने शरीर की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन में वित्त का समुचित प्रबंध लगातार करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्व विद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक जनेंद्र दीवान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनीता क्षत्रिय, डॉ रिंसी अब्राहम, रासेयो स्वयंसेवक, अन्य विभागों के प्राध्यापकगण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे। संचालन कार्यक्रम अधिकार महेंद्र इखार ने किया।



## ट्रैकिंग कर सरोधा दादर से चिल्फी घाटी तक के प्राकृतिक सौंदर्य का लिया आनंद

**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई और राजनांदगांव इकाई द्वारा संयुक्त रूप से चिल्फी घाटी बोड़ला क्षेत्र में दो दिवसीय ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। इसमें कुल 50 सदस्यों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय इस ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग आयोजन में सदस्यों ने पहले दिन क्षीर पानी जलाशय, पचराही पुरातात्विक स्थल, जैन मन्दिर बकेला और चिल्फी घाटी के विहंगम सौन्दर्य का आनन्द उठाया। दूसरे दिन चरणतीर्थ पर्वत गाड़ाघाट एवं भोरमदेव मंदिर के प्राकृतिक सौन्दर्य का अवलोकन किया। यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सचिव एवं भिलाई इकाई के चेयरमैन के. सुब्रमण्यम और भिलाई इकाई के अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि कुल 450 किमी का रोमांचक सफर तय कर दो दिनों तक पर्यटन स्थलों की सैर की गई। भिलाई इकाई उपाध्यक्ष सुधीर अवधिया एवं महेन्द्र देवांगन ने बताया कि विशाल जलराशि और घने पेड़ पौधों के बीच प्रकृति स्थल से होकर भोजन करना सभी के लिए सुखद अनुभव रहा।



- कथा के तीसरे दिन माता भगवती द्वारा ब्रह्मांड की रचना की कथा सुनाई

## देवी भागवत से मिलती है पितरों को मुक्ति, गीता में मनुष्य की हर समस्या का समाधान : पं. नीलेश शर्मा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा का तीसरा दिन रहा। मंगलवार को कथा व्यास आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा ने श्रीकृष्ण चरित्र, देवी उत्पत्ति कथा, ब्रम्हांड की रचना एवं मां ब्रह्मचारिणी कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के आरंभ में मुख्य यजमान देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन तथा अन्य पदाधिकारियों ने माता परमेश्वरी की विधिवत पूजा अर्चना की। कथा व्यास आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा एवं पारायणकर्ता पंडितों का पुष्पाहार से स्वागत किया। आचार्य नीलेश शर्मा ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भगवत गीता में मनुष्य की हर समस्या का समाधान निहित है। भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता का ज्ञान आज भी प्रासंगिक है। इसलिए हर व्यक्ति को गीता पढ़नी चाहिए।




### भगवती परमेश्वरी ही आदिशक्ति और पूर्ण ब्रह्म

उन्होंने कहा कि माता भगवती परमेश्वरी ही आदि शक्ति और पूर्ण ब्रह्म है। स्त्री-पुरुष एवं सभी जीवों की रचना कर सृष्टि की उत्पत्ति एवं संचालन कर्ता मां भगवती ही है। उसी ने त्रिदेव ब्रम्हा, विष्णु एवं शिव की रचना कर सृष्टि का जन्म, पालन एवं कल्याण (संहार) का चक्र बनाया। तीनों देव माता भगवती की ही आराधना करते हैं। उन्होंने माता की ब्रम्हचारिणी रूप का वर्णन करते हुए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को तन के साथ मन की शुद्धता भी रखनी चाहिए। जीवन की सार्थकता तभी है जब धन एवं शक्ति का सही उपयोग हो। अकेले व्यक्ति की अपेक्षा समाज को सशक्त बनाना चाहिए। कोई व्यक्ति बड़ा नहीं होता समाज बड़ा होता है। सनातन परंपरा में जीवन का हर कार्य धार्मिक होता है।

### पेंशनर्स महासंघ ने हनुमान मंदिर में कराया सुंदरकांड का पाठ

**भिलाई।** विक्रम संवत के प्रथम तिथि तथा चैत्र नवरात्र पर्व पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग द्वारा समर्पण मानस महिला मण्डल मीनाक्षी नगर के सहयोग से केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेंदुआ आश्रम शिवरीनारायण के डॉ. अशोक हरिवंश का शबरी के राम विषय पर आख्यान रखा गया। डॉ. अशोक ने कहा कि भगवान राम ने शबरी की कुटिया में प्रवेश कर पहली बार मर्यादा को त्यागा। रघुनंदन राम ने शबरी को मां के रूप में देखा, जब शबरी ने राम के वनवास के हर क्षण की घटना का उल्लेख किया तब राम आत्मविभोर हो गए। डॉ.अशोक ने कहा कि शबरी एक नारी मात्र नहीं थी, वह सिद्ध थी। इसीलिए उसे भगवान राम के साथ घटी हर घटना की जानकारी थी। उन्होंने एक रोचक विषय जन समुदाय के सामने रखा, कैकई अगर अपने पुत्र भरत को राज सिंहासन पर बैठाना चाहती थी, तो वह राम को 14 वर्ष का ही वनवास क्यों मांगी? आजीवन वनवास क्यों नहीं मांगी? आयोजन के मध्य मंदिर प्रांगण में ज्योति कक्ष के नवीनीकरण पर हेतु 15000 रु की सहयोग राशि प्रदान करने वाले देवादा निवासी मन्नू लाल वर्मा का सम्मान किया गया।



## सिटी इवेंट

# प्रबंधन के छात्रों ने देखा एबीस प्लांट में तेल का उत्पादन




**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग ने छात्रों को उद्योग जगत का अनुभव देने के लिए राजनांदगाव स्थित आईबी समूह के एबीस प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कराया। महाविद्यालय का प्रबंधन विभाग समय-समय पर छात्रों को उद्योग जगत की वास्तविक मांग का अनुभव प्रदान करने के लिए इस प्रकार के भ्रमण आयोजित करता रहता है। भ्रमण के दौरान आईबी समूह की एचआर हेड संगीता सरकार ने देशव्यापी स्तर पर आईबी समूह के ओद्योगिक संस्थानों की जानकारी प्रदान की एवं कपनी द्वारा उत्पादित तेल, तथा मछली एवं विभिन्न प्रकार के पशु उत्पादों की जानकारी प्रदान की। प्रारंभिक परिचय के बाद छात्रों ने एडमिन हेड अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में पूरे एबीस प्लांट का भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्रशासक डॉ पी एस वर्गीस ने प्रबंधन विभाग को इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनायें दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा रोजगारपरक कार्यक्रम करते रहतै है। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सूसन आर अब्राहम, सहायक प्राध्यापक श्री महेंद्र इखार एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।



## समाज इवेंट

# छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार 9 को

**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के द्वारा उपनयन संस्कार 9 अप्रैल को होने जा रहा है। आयोजन की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक की गई। इस दौरान आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। समाज के सचिव प्रदीप पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उपनयन संस्कार के लिए दुर्ग-भिलाई सहित धमधा, राजनांदगांव, बेमेतरा, कोरबा, कवर्धा और पूरे प्रदेश से बटुकों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जिसमें उपनयन के पूरे संस्कार विधिवत विद्वान पंडितों द्वारा कराये जायेंगे। सभी क्षेत्रों से उपनयन कराने आए लोगो के लिए ठहरने, खाने और पूजा की व्यवस्था आयोजन समिति ब्राह्मण समाज के द्वारा कराई जाएगी। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा भी निकाली जायेगी। जिसमें बटुक भी शामिल होंगे। समाज के संरक्षक राम विशाल शर्मा, महिला प्रकोष्ठ संरक्षक सुमन पांडे, कमल नारायण शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने संपूर्ण सुविधा के साथ तैयारी कर ली है। आयोजक मंडल से शैलकिरण शुक्ला कहा कि जो भी विप्रजन अपने बच्चों का उपनयन संस्कार करना चाहते हैं वे सरयूपारीण ब्राह्मण समाज लुचीकी पारा सामाजिक भवन दुर्ग में सम्पर्क कर सकते है।

## धर्म लाइव

# हिन्दू नववर्ष पर निकली प्रभात फेरी, जामुल में हुआ आयोजन



**भिलाई।** हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति जामुल के द्वारा जामुल में नववर्ष उत्सव मनाया गया । सुबह 5:30 भगवा ध्वज हिंदू नव वर्ष के बैनर लेकर प्रभात फेरी कर नगर भ्रमण कर रावण भाटा हनुमान मंदिर में एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । शाम को जामुल बस्ती के संतोषी चौक के पास राम भगवान की प्रतिमा के सामने जागृति मानस मंडली खेरधा के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया । मुख्य वक्ता महंत वेद प्रकाश महाराज प्रांत सह संयोजक धर्मस्य विभाग विहिप छग व केदार राम साहू नगर संघ चालक जामुल के द्वारा भारत माता की पूजा अर्चना कर आरती की आरती की गई । समितियों द्वारा महंत शास्त्र और शस्त्र भेंट किये । केदार साहू ने हिन्दू नव वर्ष के इस दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। इन्ही के नाम से विक्रमी संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है। भगवान विष्णु का प्रथम अवतार इसी दिन हुआ, प्रभू श्री राम के राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था। शक्ति और भक्ति के नौ दिन अथर्थात नवरात्र का पहला दिन, युधिष्टिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ। महंत वेद प्रकाश ने कहा की हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर, यह समय नवचेतना, संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन को नई दिशा देने का है । संयोजक अशोक कुमार वर्मा ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम का संचालन राजेश सिन्हा तथा आभार ईश्वर उपाध्याय द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में दिलेश्वर उमरे राष्ट्रीय स्वयंसेवक विभाग सह कार्यवाह दुर्ग, नेतराम साहू जिला सामाजिक सद्भावना प्रमुख, पालिका अध्यक्ष जामुल ईश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमती चेन्नेवार, पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, पार्षद चुम्मन वर्मा, गुल्ली साहू, समिति के सह सयोजक जोगेश्वर सोनी, जितेंद्र साहू, सुभाष पांचाल, आकाश सिह ठाकुर, जीवन साहू उमेश कुमार साहू विष्णु प्रसाद सिंह रमेश साहू लक्ष्मीकांत उपाध्याय संजय शर्मा, सोनू यादव, अनूप राय, सागर यादव, संजय शुक्ला, पुरुषोत्तम यादव, उत्तम देवांगन, उमेश निर्मलकर, रवि वैष्णव, राजेश यादव, शत्रुहन साहू, धुरु देवांगन,बाली बर्मन, बिसेस्वर वर्मा, लल्लन सिह, सुरेश मानिकपुरी, योगेश यादव, पुनीत साहू, ओमप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

## ● दुर्ग-भिलाई के आर्य समाजी सत्संग में जुटे, हवन-पूजन का आयोजन

# मध्यकालीन भारत के सबसे बड़े समाज सुधारक थे महर्षि दयानंद, यज्ञ में आहुति देकर मनाया 150वां स्थापना दिवस

**भिलाई।** मध्यकालीन भारत के सबसे बड़े समाज सुधारक माने जाने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया। आयोजन में दुर्ग भिलाई के सैकड़ों आर्य समाजी सत्संग में जुटे। आयोजकों ने बताया कि संपूर्ण विश्व में आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में दुर्ग भिलाई के आर्य समाज के अनुयायियों ने मिलकर यज्ञ किया। यह आयोजन आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रों का उच्चारण करके श्रद्धा पूर्वक यज्ञ में आहुति दी गई। आचार्य जयदेव शास्त्री एवं आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रों का उच्चारण किया। रवि आर्य ने ऋषि दयानंद सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन परोपकार के लिए समर्पित था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता अंधविश्वास और पाखंड उन्मूलन के लिए कार्य किया। संपूर्ण विश्व में उन्होंने वैदिक धर्म संस्कृति और भारत के गौरव को स्थापित करने का कार्य किया। प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भारती जैन ने ईश्वर भक्ति के भावपूर्ण सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। अंकित शर्मा शास्त्री ने बताया कि आज का दिन आत्म चिंतन का दिन है हम सभी को आत्म मूल्यांकन करना चाहिए कि हम स्वामी दयानंद सरस्वती के बताए मार्गों पर चलकर लोक कल्याण का कितना कार्य कर रहे हैं।






### आर्य समाज के इतिहास को दर्शाने वाली कविता का पाठ

कमलेश आर्य ने भिलाई आर्य समाज के इतिहास को दर्शाते हुए कविता पढ़ी जिसमें उन्होंने आर्य समाज में लोगों को आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा- महिला जाति का उद्धार करके महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने संपूर्ण विश्व के सामने नारियों के अधिकार शिक्षा और सम्मान की आधारशिला रखी थी। 150 वर्ष पूर्व आर्य समाज की स्थापना की गई थी। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि आर्य समाज, आधुनिक हिंदू धर्म का सशक्त सुधार आंदोलन, जिसकी स्थापना 1875 में दयानंद सरस्वती द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य सबसे प्रारंभिक हिंदू धर्मग्रंथों, वेदों को प्रकट सत्य के रूप में पुनर्स्थापित करना था।

### एओ ह्यूम ने कहा था, मैं दयानंद के जूतों के फीते बांधने लायक भी नहीं

पंजाब केसरी लाला लाजपत राय का कहना था कि स्वामी दयानन्द मेरे गुरु हैं। मैने संसार में केवल उन्ही को गुरु माना है। वे मेरे धर्म के पिता है। आर्यसमाज मेरी धर्म की माता है, इन दोनों की गोदी मे मै पला हूं। मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे गुरु ने मुझे स्वतन्त्रता का पाठ पढ़ाया। कांग्रेस के संस्थापक ए ओ ह्यूम का मानना था कि महर्षि दयानंद इतनी बड़ी हस्ती हैं कि मैं उनके पांव के जूते के फीते बांधने लायक भी नहीं। लोकमान्य तिलक, वीर सावरकर, स्वामी श्रद्धानंद, रामप्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक जैसे अनेक क्रांतिकारियों और देशभक्तों ने स्वामी दयानंद से प्रेरणा प्राप्त की थी। उपस्थित जनों में प्रवीण गुप्ता मंत्री,अंकित शर्मा पुरोहित श्री ग्रोवर आशीष तायल,डॉक्टर मेहरोत्रा, सुषमा सोनी 90 वर्षीया जानकी देवी आदि गणमान्य पुराने सदस्यो ने भी भाग लिया।



## मनाएंगे रामनवमी

# गजानन मंदिर में हुआ भगवान का अभिषेक, चल रहा राम नाम का जाप



**भिलाई।** गजानन नगर दुर्ग स्थित गजानन मंदिर में हिंदू नववर्ष गुड़ी पाड़वा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परंपरानुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सुबह 7 बजे सभी मूर्तियों का अभिषेक किया गया। सभी प्रतिमाओं को नये वस्त्र पहनाये गये, उसके पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मान्यतानुसार गुड़ी पाड़वा से नवीन संवत्सर प्रारंभ रहता है। मंदिर में 11 बजे से नौ दिनों तक नवाहन्न रामायण का पाठ



पंडीत चंद्रकांत द्विवेदी द्वारा किया जायेगा। जिसकी समाप्ती रामनवमी के दिन हवन-पूजन के साथ होगी। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर में सामूहिक रूप से नौ दिनो तक शाम 6.30 बजे से राम नाम का जाप (श्रीराम जय राम जय जय राम) किया जा रहा है। उसके पश्चात आरती, राम रक्षा स्तोत्र एवं हनुमान चालीसा का पाठ भी चल रहा है। मंदिर समिति के मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी ने समयानुसार मंदिर में उपस्थित होकर नौ दिनो तक कार्यक्रम का आनंद लेने भक्तों को कहा है।

## निःशुल्क 'समर कोर्स' 3 अप्रैल से

# विद्यार्थी सीखेंगे आर्ट, बेकिंग और सेल्फ डिफेंस के गुर

**भिलाई।** बारहवीं की परीक्षाएं समाप्त हो गई है और कॉलेज की परीक्षाएं समाप्त होने को हैं। नया शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ होगा। इस बीच के दो-ढाई महीनों का सदुपयोग करने के लिए शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा द्वारा निशुल्क मैगा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शैलदेवी महाविद्यालय तथा शैलदेवी प्रा. आईटीआई, अंडा द्वारा सुयंक्त रूप से संपन्न कराया जायेगा। समर कोर्स के अन्तर्गत नीतिश तिवारी, महेन्द्र कौशिक, लक्ष्मी जंघेल तथा वर्षा मोंगरे द्वारा विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर का ज्ञान दिया जायेगा, साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल भी कराया जायेगा। जिसके बाद डॉ. रश्मि पाण्डेय द्वारा स्पोकन इंगलिश भी सिखाया जायेगा। साथ ही साथ योगा तथा व्यक्तित्व विकास की कक्षाएं भी लगेंगी। हुनर की पाठशाला के अन्तर्गत दुष्यंत दिल्लीवार विद्यार्थियों को घरेलू इलेक्ट्रिक वायरिंग, सीलिंग फैन रिपेयरिंग तथा मोटर वाइडिंग सिखाएंगे वहीं दिग्विजय देशमुख मोबाइल रिपेयरिंग करना बतायेगें। विकास साहू विद्यार्थियों को वेल्डिंग करना और भूपेंद्र जांगड़े ए.सी. रिपेयरिंग और सोलर पंप इंस्टॉल करना सिखायेंगे। इसके अतिरिक्त रश्मि ताम्रकार, भारती बंजारे, प्रीति गिरि तथा तिजऊ राम देवांगन छात्राओं को सिलाई करना सिखाएंगे तथा डॉ. सुरेखा साहू कढ़ाई करना बतायेगीं। पूजा चन्द्राकर केक बनाना, राजेश साहू हारमोनियम बजाना, जान्हवी चन्द्राकर छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखायेंगी। योगिता नशीने और जयति साहू महिला गृह उद्योग से संबन्धित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सिखाएंगी। इसके साथ ही छात्राओं को मेहंदी लगाने तथा ब्यूटी पार्लर के टिप्स भी दिये जायेगें। यह सभी प्रशिक्षण निःशुल्क होंगे।



**रोजगारमुखी प्रशिक्षण भी**

## अग्रसेन महिला समिति का आयोजन, पति के लंबी आयु की कामना

# गणगौर माता की पूजा कर गीत, नृत्य और नाटक की दी प्रस्तुति, कन्यादान में किया सहयोग

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** अग्रसेन महिला समिति द्वारा न्यू खुर्सीपार भिलाई में गणगौर पर्व का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मारवाड़ी समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। यह त्योहार महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, जो अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए पूजा करती हैं। आयोजन में महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा कर आराधना की। इसके अलावा, महिलाओं ने गणगौर पर्व के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे।



### महिलाओं को मिला एक मंच

अग्रसेन महिला समिति द्वारा महिलाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अग्रसेन महिला समिति अध्यक्ष संगीता नेमीचंद अग्रवाल, सचिव प्रेमा गर्ग, प्रेमलता रामनाथ, शारदा सिन्हा, उषा अग्रवाल, शारदा, बीना, प्रेमलता गर्ग, हंसा, मनीषा, अंजू , कविता, प्रतिमा, कुसुम, दीप्ति, आशा, लक्ष्मी, संगीता सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में बड़ी गणगौर और छोटी गणगौर को पुरस्कृत किया गया। बड़ी गणगौर प्रथम रिशु अग्रवाल, द्वितीय सरला अग्रवाल, छोटी गणगौर में प्रथम चांदनी अग्रवाल और द्वितीय मुस्कान अग्रवाल रही। इस प्रतियोगिता में सभी युवतियों द्वारा सभी सामूहिक नृत्य भी किया। नृत्य में प्रथम अंशु अग्रवाल, ग्रुप द्वितीय रिया शर्मा और ग्रुप तृतीय चांदनी को प्राइस दिया गया।

### निर्धन कन्याओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

कार्यक्रम में जज अंजू खेतान, सुनीता खेतान, सेक्टर 6 अध्यक्ष गायत्री अग्रवाल उपस्थिति रही।अग्रवाल महिला समिति खुर्सीपार द्वारा गणगौर पूजा के अवसर पर निर्धन कन्याओं के लिए कन्यादान योजना के अंतर्गत 5100 रु. की राशि एक कन्या की मां को भेंट में दी। इस कार्य में संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, शारदा सिंघानिया, प्रेमलता रामनाथ, प्रेमलता गर्ग, शारदा, जी उषा, जी आशा, जी बीना, जी सरला, जी मायाजी, कविता, हंसा, अंजू, मनीषा, दीप्ति, प्रतिमा, कुसुम, लक्ष्मी, अनीता, संगीता सहित सभी ने सहयोग किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रोवर्स क्लब फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन एक मैच खेला गया। मशाल क्लब भिलाई एवं शेरा क्लब रायपुर के मध्य हुए मुकाबले में मशाल क्लब भिलाई की टीम ने 1- 0 जीत दर्ज कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के पाँचवे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच यूनिक क्लब चरोदा एवं रोवर्स क्लब भिलाई के मध्य खेला गया जिसमें रोवर्स क्लब ने 3-0 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अथिति रेल्वे इंस्टीट्यूट के सचिव बी डी प्रसाद एवं मिलाप साहू (अर्बन बैंक डयरेक्टर) थे।

### छत्तीसगढ़ की सॉफ्ट टेनिस टीम ने नेशनल में जीता कांस्य




**रायपुर।** 18 सब जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप लुधियाना पंजाब में 25 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने कांस्य पदक जीता छत्तीसगढ़ बालिका सॉफ्टटेनिस टीम को पहले मैच में पश्चिम बंगाल से वॉक ओवर मिला। दूसरे मैच मैच में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने हरियाणा को तीन एक से परास्त कर क्वाटर फाइनल में पहुंचीं। क्वाटर फाइनल में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने पिछले वर्ष की उपविजेता टीम उत्तर प्रदेश को दो एक से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम गुजरात से दो शून्य से परास्त होकर कांस्य पदक प्राप्त की। छत्तीसगढ़ सॉफ्टटेनिस के महासचिव प्रमोद ठाकुर ने बताया कि टीम में बरखा रानी गौड़,खुशबू बारेकर,विघा साहू ,अंजली सिन्हा ,राधिका पांडे , दिप्ती पोलाई, मिठी विश्वकर्मा शामिल थे। टीम के कांस्य पदक प्राप्त करने पर सॉफ्टटेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, रविशंकर धनगर, दिलीप विश्वकर्मा, संजय शुक्ला व. रीमा राय ने शुभकामनाएं दी है।

### सीनियर एलिट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक दौर



शशांक चंद्राकर 117 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 01 से 04 अप्रैल श्रृंखला के पहले दिन 4 मैच खेले गये।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई पीछे**

ग्रुप ए का नौंवा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 51.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 157 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 47 नाबाद रन बनाये साथ ही सन्नी पांडे ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से आनंद राव तथा शुभम सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 23 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 102 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने नाबाद 60 रन तथा मयंक वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई 55 रनों से पीछे है।

### बच्चों के लिए बॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू




**रायपुर।** हटकेश्वर नाथ बॉलीबॉल संघ के द्वारा बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत मंगलवार को हुई। दो वर्ष से लगातार आयोजित इस शिविर का उद्घाटन संघ के संरक्षक मनोज वर्मा , अनुराग राठी, राजेंद्र मिश्रा , मंगलेश्वर सिंह, महेन्द्र औसर पार्षद और पंकज नायक ने किया। उद्घाटन के अवसर पर हटकेश्वर नाथ बॉलीबॉल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, सियान सदन के सदस्यगण, साथ ही साथ शिविर में भाग लेने वाले वाले बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शिविर 2 माह अप्रैल एवं मई तक चलेगा।

## खानपान में सुधार के साथ करना है मामूली सा बदलाव, दिखेगा परिणाम

# पाचन को मजबूत रखना चाहते हैं तो जान लीजिए 3 एफ फॉर्मूला, सेहत भी रहेगी बिल्कुल दुरुस्त

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, पाचन को ठीक रखना चाहते हैं तो सबसे जरूरी है कि आप खान-पान में सुधार कर लें। इसके अलावा आज से ही 3एफ फॉमूर्ले का पालन शुरू कर दें। आइए इसके बारे में जानते हैं। अगर आपका पाचन स्वास्थ्य ठीक है तो इसका मतलब है कि आप कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। हालांकि जिस तरह से लोगों की लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी बढ़ती जा रही है इसने पाचन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यही कारण है कि कब्ज-अपच से लेकर इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन को ठीक रखना चाहते हैं तो सबसे जरूरी है कि आप खान-पान में सुधार कर लें। ज्यादा तली-भुनी या एसिडिक चीजें आपके लिए कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर के 90 फीसदी हैप्पी हार्मोन्स भी पाचन तंत्र से ही बनते हैं, इसलिए अगर आपका पाचन ठीक नहीं है तो ये आपकी खुशियों को भी बाधित करने वाला हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, अगर आपको अपना पाचन स्वास्थ्य ठीक रखना है तो आज से ही 3F फॉमूर्ले का पालन शुरू कर दें। आइए इसके बारे में जानते हैं।



आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा बढ़ा लें। यह पाचन के लिए बेहद फायदेमंद है। फाइबर युक्त डाइट गट बैक्टीरिया के लिए पोषण का काम करती है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां और ताजे फल खाने से पाचन बेहतर होता है।

आहार में फर्मेंटेड फूड्स जैसे दही, कांजी, घर का बना अचार को जरूर शामिल करें। ये भी आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। इससे पाचन को सुधारने के साथ-साथ तनाव कम करने में मदद मिलती है। अच्छे पाचन स्वास्थ्य के लिए फास्टिंग भी जरूरी है। लगातार खाते रहने से पाचन तंत्र थक जाता है, अगर हम 12-14 घंटे बिना भोजन रहें (जैसे रात में जल्दी खाकर भोजन सुबह देर से करें) तो डाइजेशन अपने आप रिपेयर होता है। इसके अलावा हफ्ते में एक दिन व्रत करना भी पाचन को बूस्ट करने में मददगार हो सकता है।




### पाचन तंत्र ठीक तो पूरा शरीर स्वस्थ


हमारा पाचन तंत्र मूड से लेकर त्वचा पर भी असर डालता है। खान-पान को ठीक रखकर पाचन में सुधार किया जा सकता है। इसके लिए भोजन से पहले खूब सलाद खाने की आदत बनाएं।

फाइबर युक्त सलाद खाने से ब्लड शुगर स्पाइक्स कम होता है और इससे आपके पाचन को भी मदद मिलती है। खूब सलाद खाने से आपका पेट भर जाता है और शरीर के लिए जरूर पोषक तत्व भी मिलते हैं। पेट भरने से आप भोजन में वो चीजें कम खाते हैं जिनमें कार्ब्स की अधिकता होती है।

### व्यायाम की बनाइए आदत

पाचन को ठीक रखने के लिए आहार में सुधार के साथ-साथ नियमित रूप से व्यायाम को भी दिनचर्या का हिस्सा बनाना भी बहुत जरूरी है। दैनिक व्यायाम आंत की गतिशीलता को बढ़ावा देकर, आंतों में स्वस्थ माइक्रोबायोम को बढ़ावा देते हैं। व्यायाम से पाचन तंत्र की मांसपेशियां भी उत्तेजित होती है, जिससे पाचन बेहतर होता है। यह कब्ज को दूर करने, सूजन कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है।





## नवरात्रि के मौके पर महिलाओं से करें कुछ वादे

अगर आप देवी मां की उपासना करते हैं तो पूजा या व्रत के साथ आपको कुछ संकल्प लेने चाहिए। ये संकल्प महिलाओं को समाज में सम्मान, समानता दिलाने के साथ ही सशक्त बनाने में असरदार हैं। इस नवरात्रि महिलाओं से ये वादें करें। नवरात्रि नवदुर्गा को समर्पित पर्व है, जो सिर्फ देवी मां की पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि ये नारी शक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा का प्रतीक भी है। इस पावन पर्व के अवसर पर कन्या पूजन तो करें हीं, साथ ही समाज में महिलाओं की स्थिति को और सशक्त बनाने के लिए कुछ संकल्प भी ले सकते हैं। नवरात्रि का पर्व इन संकल्पों को अपनाने का है, जो देवी की आराधना को तो सार्थक बनाएगा ही साथ ही सशक्त और समान समाज की नींव भी रखेगा। अगर आप देवी मां की उपासना करते हैं तो पूजा या व्रत के साथ आपको कुछ संकल्प लेने चाहिए। ये संकल्प महिलाओं को समाज में सम्मान, समानता दिलाने के साथ ही सशक्त बनाने में असरदार हैं। इस नवरात्रि महिलाओं से ये सात वादें करें।

### सम्मान का वादा

हर महिला को घर, कार्यस्थल और समाज में पूरा सम्मान मिले। उनके विचारों और भावनाओं की कद्र करें और उन्हें बराबरी का स्थान दें।

### सुरक्षा का वादा

महिलाओं की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। यह वादा करें कि हम न केवल उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे बल्कि जरूरत पड़ने पर उनके लिए आवाज भी उठाएंगे।

### सहयोग का वादा



घर और बाहर महिलाओं के साथ बराबरी से काम करें। घर के कार्यों को सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि उनके साथ मिलकर हर काम में सहयोग करें।

### आत्मनिर्भरता का वादा

महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करें। बेटियों को भी बेटों के समान अवसर दें ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### स्वास्थ्य और देखभाल का वादा

महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उनके खान-पान, मानसिक और शारीरिक सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। समय-समय पर मेडिकल चेकअप करवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

### निर्णय लेने की स्वतंत्रता का वादा

हर महिला को अपने जीवन के फैसले लेने की आजादी होनी चाहिए। यह वादा करें कि हम उनके निर्णयों का सम्मान करेंगे और उन्हें सपोर्ट करेंगे।

# क्या है ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम? हार्ट अटैक जैसे होते हैं लक्षण

हृदय रोगों की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं, बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों के बारे में तो हम सभी अक्सर सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानते हैं? हाल के वर्षों में युवाओं में ये दिक्कत काफी तेजी से बढ़ी है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम भी क्या हृदय से संबंधित कोई दिक्कत है या फिर कुछ और, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम आमतौर पर तनावपूर्ण स्थितियों और भावनाओं के उतार-चढ़ाव के कारण होती है। इसमें लोगों को अचानक सीने में दर्द हो सकता है या ऐसा लगता है जैसे हार्ट अटैक हुआ है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को स्ट्रेस कार्डियोमायोपैथी या ताकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी के नाम से भी जाना जाता है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम क्यों होता है अब तक इसके सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि माना जाता है कि कुछ स्थितियां जिनके कारण आपको गंभीर रूप से भावनात्मक क्षति होती है वे इसे बढ़ाने वाली हो सकती हैं। उदाहरण के लिए तलाक, कार दुर्घटना या नौकरी छूटने जैसी तनावपूर्ण घटनाएं इसका कारण बन सकती हैं।

**हार्ट अटैक की तरह होते हैं इसके लक्षण :** ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं, यही कारण है आमतौर पर इसे हार्ट अटैक ही मान लिया जाता है। इसमें सीने में तेज दर्द हो सकता है, सांस फूलने या बेहोशी की समस्या हो सकती है। धड़कनें अनियमित या तेज हो सकती हैं। इसके साथ हाई ब्लड प्रेशर या लो ब्लड प्रेशर जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। अगर आपके जीवन में कोई तनावपूर्ण घटना हुई है तो ये ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को बढ़ा सकती है। असल में तनाव की स्थिति में स्ट्रेस हार्मोन का स्राव होता है जिससे आपके हृदय की मांसपेशियां अस्थायी रूप से अचेत हो सकती हैं, यही कारण है कि ये दिल के दौरे जैसा लगता है।



**ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम और हार्ट अटैक में क्या अंतर है :** ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं, इसलिए अक्सर लोगों को लग सकता है कि ये हार्ट अटैक है। दोनों ही स्थितियों में सांस फूलने और सीने में दर्द भी होता है। लेकिन ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम में आपकी धमनियां अवरुद्ध नहीं होती हैं और आमतौर पर हृदय को कोई क्षति नहीं होती है। वहीं हार्ट अटैक तब होता है जब आपकी कोरोनरी आर्टरी ब्लॉक हो जाती हैं जिससे हृदय तक रक्त का संचार ठीक तरीके से नहीं हो पाता।

## चैत्र नवरात्रि पर रुद्राक्ष धारण करने के जानिए नियम

नवरात्रि के पावन समय में रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह केवल एक धार्मिक गहना नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक सशक्त स्रोत है। खासतौर पर नौ मुखी रुद्राक्ष को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है, जिससे यह नवरात्रि के दौरान और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।नवरात्र इस बार 30 मार्च, रविवार से 7 अप्रैल, सोमवार तक है। इस पावन समय में रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह केवल एक धार्मिक गहना नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक सशक्त स्रोत है। खासतौर पर नौ मुखी रुद्राक्ष को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है, जिससे यह नवरात्रि के दौरान और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। इसे धारण करने से मानसिक और शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।






## कार्नर न्यूज

## मसल्स ग्रोथ बढ़ाना मुश्किल नहीं, उठाने होंगे कुछ कदम

# मसल्स वाली बॉडी बनाने में काम आ सकती हैं कुछ तरकीबें, आजमाकर उठा सकते हैं फायदा

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष मसल्स ग्रोथ बढ़ाने में हां कहेंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं।

ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे।

दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ



ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं।



इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं। कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है। ऐसा करने पर मसल्स ग्रोथ काफी धीमी हो जाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग



मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। आइए जानते हैं पूरी खबर। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरु हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।

पुराने सुपरहीरो के अलावा और भी कई दिग्गज सुपरहीरो इस फिल्म में नजर आएंगे। इनमें से कई कलाकार पहली बार एमसीयू के साथ काम करते दिखेंगे।वो सुपरहीरोज हैं वैनेसा किर्बी, जो आगामी जुलाई में 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' में इनविजिबल वूमन सू स्टॉर्म की भूमिका निभाने वाली हैं, अब वह इस फिल्म के लिए भी तैयार हैं। रीड रिचड्‌र्स के रूप में पेड्रो पास्कल भी एवेंजर्स में शामिल होंगे। साथ ही एबन मॉस-बैचराच , जोसेफ क्विन भी नजर आएंगे। मार्वल की आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट' के भी कलाकार भी इस फिल्म में नजर आएंगे। 'एक्स मैन' सीरीज के कई किरदार भी इस फिल्म में शामिल होंगे।

### टॉलीवुड

## विवाद के बाद फिर से सेंसर की गई 'एल 2 एम्पुरान', सीन पर चली कैंची



रिलीज के बाद एल 2 एम्पुरान के बहुत से सीन पर कई संगठनों ने आपत्ति जताई थी। अब फिल्म के निर्माताओं ने स्वेच्छा से फिल्म को फिर से सेंसर कराया है। मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुचर्चित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' रिलीज होते ही विवादों के फंस गई। इस पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म को लेकर देशभर के कई धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जताई। उनका कहना है कि फिल्म में कुछ वास्तविक घटनाओं और किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है।

विवाद बढ़ने के बाद फिल्म की टीम ने खुद आगे आकर दोबारा सेंसर कराने का फैसला किया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 24 कट्स लगाने का सुझाव दिया, जिससे करीब 2 मिनट का स्क्रीन टाइम कम हो जाएगा। इन कट्स में सभी विवादित सीन, संकेत और यहां तक कि मलयालम अभिनेता और केरल से बीजेपी के इकलौते सांसद सुरेश गोपी को दिया गया थैंक्स कार्ड भी शामिल है। नई सेंसर वाली फिल्म कल या परसों से देशभर के सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। 'एल 2 एम्पुरान' साल 2019 की सुपरहिट फिल्म लूसिफर का सीक्वल है, जिसमें मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पहले भाग के साथ दूसरे भाग का भी निर्देशन पृथ्वीराज ने किया है। इस हाई-बजट एक्शन फिल्म में मनोज वारियर, टोविनो थॉमस, सूरज वेंजारमूडु और अभिमन्यु सिंह जैसे सितारों ने अहम किरदार निभाए हैं। विवादों के बावजूद 'एल 2 एम्पुरान' ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। फिल्म ने भारत में अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं किया है। पांच दिनों में यह फिल्म महज 70.15 करोड़ का कलेक्शन कर सकी है।

### भोजपुरी

## अक्षरा को नहीं लोगों की परवाह, लिखा- 'एक ही जिंदगी है, खुलकर जियो'



भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। यहां वे अक्सर अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी बातें शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है। अक्सर कोई काम करते वक्त लोग चार लोगों का ख्याल रखते हैं। चार लोग यानी समाज। सामान्य लोग नहीं, बल्कि फिल्मी हस्तियों को भी इस बात की चिंता सताती है कि चार लोग क्या कहेंगे? मगर, अक्षरा सिंह अब इससे आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है, जो दूसरों के भी काम आ सकता है। अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं। अक्षरा सिंह ने वीडियो शेयर किया है। ब्लू कलर के आउटफिट में वे काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। काला चश्मा चढ़ाते हुए वे तेवर दिखा रही हैं। वीडियो में लिखा है, 'चार लोग क्या कहेंगे अब उससे डर नहीं लगता, डर तो ये है कि उन चार लोगों को मैं कुछ न कह दूं'। इसके साथ अक्षरा ने कैप्शन लिखा है, 'क्या बोलती पब्लिक? एक ही जिंदगी है खुल के जियो और जीने दो'। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स के रिएक्शन नजर आ रहे हैं और अभिनेत्री का यह जीवन मंत्र सभी को काम का लग रहा है। अधिकांश यूजर्स ने अक्षरा की बात पर सहमति जताई है। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री में वाइल्ड फायर हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खुलकर जियो और दूसरों को भी कुछ न बोलो, तब भी लोग जीने नहीं देते हैं।

### लाइफ स्टाइल



छोटे कपड़ों में स्टाइल

मशहूर मॉडल्स डायर, फेंडी, क्रेग ग्रीन और प्रादा की इस तस्वीर को देखकर खयाल तो यही आएगा कि इन्होंने अपने कपड़े इतने छोटे कर लिए हैं। दरअसल, वसंत/गर्मियों 2025 के लिए यह टैगलाइन हो सकती है। एक ऐसा मौसम जिसमें मिलान और पेरिस के डिज़ाइनरों ने बहुत छोटे टॉप को और भी छोटे बॉटम के साथ जोड़ा है। यह एक प्रयोग है, जो लोगों को पसंद आ रहा है।

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब



यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगी तो आपका लुक अजीब दिखेगा। शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। जिस तरह से मौसम के हिसाब से कपड़े बदले जाते हैं, ठीक उसी तरह से मौसम के हिसाब से मेकअप करने के तरीके में भी बदलाव होता है।

अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

**हैवी बेस की जरूरत नहीं :** यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

**स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें :** यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

**डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें :** अब ब्लश का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

**लाइनर से रहें दूर :** अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

## अपनाइए सिंपल फैशन हैक्स, जिनसे सामने वाला आसानी से हो जाएगा इम्प्रेस





जब बात दूसरों पर इम्प्रेशन क्रिएट करने की होती है तो ज्यादातर लोग महंगी चीजें ले आते हैं। जूतों से लेकर घड़ी तक में वे ब्रांड दिखाना चाहते हैं। लेकिन क्या कभी आपने नोटिस किया है कि बहुत से लोग ज्यादा महंगे कपड़े न पहनकर भी सामने वाले पर अलग छाप छोड़ जाते हैं। फिर चाहे वो इंटरव्यू हो, कोई स्पेशल मीटिंग या पार्टी। उनकी पर्सनैलिटी देखते ही लोग उन्हें ज्यादा तवज्जो देते हैं। इसके पीछे छिपे हैं कुछ क्लॉथिंग हैक्स। अच्छा दिखने के लिए अच्छे कपड़े और एसेसरीज होना बेहद जरूरी है। आपकी पर्सनैलिटी दूसरों से हटकर दिखे इसके लिए कपड़ों की फिटिंग मायने रखती है। ज्यादातर लड़के अनजाने में ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं| जो उन पर सूट नहीं करते। इसकी वजह से उनका इम्प्रेशन डाउन हो जाता है।

अक्सर लड़के ट्राउजर जींस या चिनोज खरीदते समय उसकी वेस्ट और लेंथ पर तो ध्यान देते हैं। लेकिन कभी पॉकेट का डिजाइन नहीं देखते। मगर क्या आपको पता है एक अच्छी पेंट की फिटिंग उसकी पॉकेट पर निर्भर करती है। बेहतर लुक के लिए वेस्टर्न पॉकेट को सबसे अच्छा माना जाता है। यह ज्यादातर जींस और चिनॉज में देखने को मिलते हैं। इन्हें हॉरिजॉन्टल पॉकेट के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा फ्रंट पॉकेट भी अच्छी मानी जाती हैं ये जींस में होती हैं।

### शोल्डर फिटिंग को न करें नजरअंदाज

आपने अक्सर देखा होगा बॉलीवुड एक्टर, बड़े बिजनेसमैन या पैसे वाले लोग अच्छी फिटिंग की शर्ट या टीशर्ट पहनते हैं। इससे उनका लुक ज्यादा अच्छा आता है। इसलिए अपर बॉडी के कपड़े लेते समय शोल्डर की फिटिंग को कभी नजरअंदाज न करें।

झूलते हुए कंधे वाली टी-शर्ट या स्वेटर आपका इम्प्रेशन डाउन कर सकते हैं। इसलिए पोलो शर्ट या टी-शर्ट पहनने पर इसका खास ध्यान दें। इसके अलावा लोग अक्सर स्वेटर्स हैंगर पर टांगकर रखते हैं, ऐसा बिल्कुल न करें। क्योंकि बुनाई वाले गर्म कपड़े हैंगर पर टांगने से उनकी फिटिंग खराब हो जाती है।

## नहीं रुक रहा हेयर फॉल तो इस्तेमाल करें जड़ी बूटियों से बना शैंपू



आज के समय में लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ी हुई है, कि उसकी वजह से लोगों की त्वचा और बालों पर काफी प्रभाव पड़ने लगा है। चेहरे का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन अक्सर वो बालों पर ध्यान रखना भूल जाते हैं। अगर आप भी बालों का ध्यान नहीं रखते तो हेयर फॉल की समस्या से आप परेशान जरूर होंगे। इस हेयर फॉल को रोकने के लिए लोग महंगे-महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ता। ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बिना केमिकल वाला शैंपू इस्तेमाल करने का आसान तरीका बताएंगे। इस शैंपू के इस्तेमाल से आपकी कई समस्याएं दूर होंगी। आइए आपको यहां हम घर पर ही शैंपू बनाना बताते हैं, ताकि आप भी इसका इस्तेमाल करके बालों का झड़ना रोक सकें।

### बिना केमिकल के शैंपू तैयार करने का सामान

बिना केमिकल वाले शैंपू को बनाने के लिए सबसे पहले रीठा, शिकाकाई, आंवला, मेथी दाना, नीम पत्तियां, ब्राह्मी और भृंगराज जैसी जड़ी-बूटियों को रातभर पानी में भिगो दें। इसे आप एक साथ भी उबाल सकते हैं, ताकि इसका पानी एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए। रातभर सभी चीजों को भीगने के बाद अगले दिन सुबह के समय इसे धीमी आंच पर उबालें। इसे सही से उबलने में तकरीबन 20 मिनट का समय लगेगा। जब ये सही से उबल जाए इसे ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। ठंडा होने पर इस मिश्रण को छान लें और एक बोतल में भरकर रख लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार आसानी से कर सकते हैं। इस शैंपू के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि ये आपको लाभ पहुंचाए।

अब आपको इस शैंपू के फायदों के बारे में बताते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की जड़ें मजबूत हो सकती हैं।

## ब्लैकहेड्स हटाने करते हैं पोर स्ट्रिप्स का इस्तेमाल तो जान लें इसके नुकसान



पोर स्ट्रिप्स से ब्लैकहेड्स हटाना जितना आसान है, उतना ही ये त्वचा के लिए नुकसानदायक है। यहां हम आपको पोर स्ट्रिप्स से होने वाले नुकसानों और इसे इस्तेमाल करते वक्त जिन सावधानियों को बरतना चाहिए, उस बारे में बताने जा रहे हैं।

### कैसे होता है इस्तेमाल ?

इसके नुकसान जानने से पहले ये जान लें कि आखिर इन पोर स्ट्रिप्स को इस्तेमाल कैसे किया जाता है। ये पोर स्ट्रिप्स देखने में प्लास्टिक या फिर सूती कपड़े के जैसी ही होती हैं, जिसके एक तरफ काफी चिपचिपा पदार्थ लगा होता है। इस स्ट्रिप को ब्लैकहेड की साइड चिपकाकर थोड़ा सा प्रेस करें। जब ये पूरी तरह से चिपक जाए तो झटके से इसे स्किन से छुटा लें। इसे वैक्स स्ट्रिप की तरह ही हटाया जाता है। जिसकी वजह से ब्लैकहेड्स स्किन से उखड़कर इन स्ट्रिप्स पर चिपक जाते हैं।

### अब इसके नुकसान जान लेते हैं -

**रोम छिद्र हो जाते हैं बड़े:** पोर स्ट्रिप्स के इस्तेमाल से त्वचा के रोम छिद्र काफी ज्यादा खुल जाते हैं, जिस कारण आपकी त्वचा अजीब दिख सकती है। पोर्स के ज्यादा खुला रहने की वजह से त्वचा की सतह पर गंदगी जमने लगती है जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बन सकती है।

**त्वचा हो सकती है डिहाइड्रेटेड :** यदि आप ज्यादा पोर स्ट्रिप्स का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपके चेहरे की नमी कम होने लगेगी। कई बार तो इस कारण से ही त्वचा डिहाइड्रेटेड होने लगती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में आपको इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### वक्त के साथ बदलते फैशन को अपनाइए

## जानिए बेल बॉटम जींस को स्टाइल करने के बेस्ट तरीके, जिनकी वजह से आप दिखेंगी सबसे अलग

यदि आपने बेल बॉटम जींस खरीदी है लेकिन ये समझ नहीं आ रहा कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो हम आपकी इसमें मदद करेंगे। वैसे तो कहावत है कि समय के साथ फैशन बदलता रहता है लेकिन एक और कहावत है कि इतिहास खुद को एक बार अवश्य दोहराता है। यही वजह है कि कुछ-कुछ समय बीतने के बाद पुराने ट्रेंड दोबारा से चलन में आ जाते हैं। आज के समय में कई आउटफिट ऐसे हैं, जो काफी पहले कैरी किए जाते थे, लेकिन अब एक बार फिर से लोगों के सिर चढ़कर उनका क्रेज बोल रहा है। बेल बॉटम जींस आजकल पुरुषों से लेकर महिलाओं तक को काफी पसंद आ रही है। पुरुषों के लिए इसे स्टाइल करना आसान होता है, लेकिन जब बात आती है महिलाओं की तो वो इसको लेकर काफी संशय में रहती हैं।



### टैंक टॉप के साथ

आज-कल महिलाओं को टैंक टॉप्स काफी पसंद आती हैं। ये टाइट फिटिंग की होती हैं और इसे किसी भी तरह की जींस के साथ कैरी किया जाता है। लेकिन यदि आप इसे बेल बॉटम जींस के साथ पहनेंगी तो आपका अंदाज सबसे अलग लगेगा। ये आपको बोल्ड दिखने में भी मदद करेगा। खासतौर पर यदि आप ग्लैमरस लुक कैरी करना चाहती हैं तो टैंक टॉप के साथ बेल बॉटम पहनें।

### जैकेट के साथ

बहुत सी लड़कियां और महिलाएं टैंक टॉप में खुद सहज नहीं हो पातीं, ऐसे में आप टैंक टॉप के ऊपर जैकेट कैरी कर सकती हैं। अब जब गर्मी का मौसम है तो आप इसके साथ कॉटन की जैकेट कैरी कर सकती हैं। नहीं तो डेनिम जैकेट भी आपके लुक को क्लासी दिखने में मदद करेगी।



### सेमी-टैंक टॉप के साथ

सेमी टैंक टॉप आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी। इसे आप आप अपने दफ्तर भी कैरी करके जा सकती हैं। सेमी-टैंक टॉप के साथ बेल बॉटम जींस आपको कूल लुक देने में मदद करेगी। इसलिए चाहें तो सेमी-टैंक टॉप के साथ इसे कैरी करें।

### नॉर्मल टी -शर्ट के साथ

यदि आपके पास टैंक टॉप या फिर जैकेट नहीं है तो आप बेल बॉटम जींस को साधारण सी टी शर्ट के साथ भी कैरी कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि बेल बॉटम जींस के साथ हमेशा स्किनी फिट वाली टॉप ही अच्छी लगेगी। ऐसे में बस अपनी जींस के हिसाब से सही रंग की टीशर्ट का चयन करें और उसे पहनकर जलवा बिखेरें। बेल बॉटम जींस को स्टाइल करते समय ध्यान रखें कि आप इसे ओवर साइज टी-शर्ट या टॉप के साथ नहीं पहन सकते। ओवर साइज अपर वियर आपके लुक को खराब कर देगा।